हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




# अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा, क्रिकेट जगत को चौंकाया

**घरेलू श्रृंखला में अनदेखी से थे नाराज**

**एजेंसी/ब्रिसबेन।** भारत के अनुभवी आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने का ऐलान करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अभी उनके भीतर खेल बाकी है। 38 वर्ष के अश्विन ने भारत के लिए अनिल कुंबले (619 विकेट) के बाद 106 मैचों में सर्वाधिक 537 टेस्ट विकेट लिए हैं। आईपीएल में अगले साल चेन्नई सुपर किंग्स के लिए वापसी करने वाले अश्विन क्लब क्रिकेट खेलते रहेंगे।



## पढ़ाई का उद्देश्य नौकरी पाने तक सीमित न रहे, टैलेंट हो तो उसे प्रोत्साहित करें : कश्यप



*डीपीएस जुनवानी रोड दुर्ग के स्पोर्ट्स डे सैलिब्रेशन में शामिल हुए वन मंत्री केदार कश्यप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल जुनवानी रोड दुर्ग के स्पोर्ट्स डे सैलिब्रेशन-2024 का बुधवार को समापन हुआ। आयोजन में वनमंत्री केदार कश्यप प्रमुख रूप से शामिल हुए। समारोह में कवि और सीसीएस यूनिवर्सिटी मेरठ के पूर्व डीन डॉ. हरिओम पवार, पद्मश्री डॉ. सुनील जोशी, आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित थे। वन मंत्री कश्यप ने कहा कि गुरु घासीदास की जयंती जैसे पवित्र दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ने प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पैरेंट्स ने भी भाग लिया। स्कूल का खेल की दिशा में यह एक अच्छा प्रयास है। पढ़ाई का उद्देश्य नौकरी तक ही सीमित न हो, बच्चों में टैलेंट हो ▶▶ शेष पेज 4 पर




### विजेता प्रतिभागियों को मिला सम्मान

डॉ. सुनील जोगी ने खेल दिवस 2024 की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत स्पष्ट है। डॉ. हरिओम पंवार ने कहा कि डीपीएस दुर्ग जैसे स्कूल में अध्ययन करने के लिए छात्र बहुत भाग्यशाली हैं। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने शानदार प्रदर्शन के लिए स्कूल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### डॉ. द्विवेदी ने अतिथियों का व्यक्त किया आभार

आईएनएच और हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कार्यक्रम के समापन समारोह में आए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से मंत्री केदार कश्यप, डॉ. हरिओम पंवार और पद्मश्री डॉ. सुनील जोशी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष डीपीएस दुर्ग द्वारा खेल उत्सव का आयोजन किया जाता है। स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हैं। खेल जीवन का अभिन्न अंग है, इससे हमें मानसिक और शारीरिक लाभ मिलता है। इस अवसर पर मंत्री केदार कश्यप ने सांस्कृतिक परंपराओं पर आधारित प्रस्तुति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ कौशल विकास की दिशा में भी कार्य किया जाना वर्तमान समय की जरूरत है।







## आंबेडकर विवाद : खुद पर लगे आरोप के जवाब में शाह ने कांग्रेस पर किया वार

# शाह बोले-सपने में भी नहीं कर सकता संविधान निर्माता का अपमान, कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जिक्र करते हुए राज्यसभा में कांग्रेस पर हमला बोला था। शाह के बयान को लेकर बुधवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस बीच, शाह ने बुधवार को पत्रवार्ता लेकर कांग्रेस के आरोप का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर विरोधी है, आरक्षण और संविधान के खिलाफ है। गृहमंत्री ने खुद पर लगे एक आरोप के जवाब में कांग्रेस के 8 अपमान गिना दिए। इस बीच, कांग्रेस ने केंद्रीय गृहमंत्री से इस्तीफा मांगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने राज्यसभा में बाबा साहेब आंबेडकर पर दिए गए उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। समाज में भ्रांति फैलाने की कोशिश की क्योंकि चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने संविधान निर्माता के बार-बार किए गए अपमानों पर विपक्षी पार्टी की पोल खोलकर रख दी थी।

शाह ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि वह सपने में भी संविधान निर्माता का अपमान नहीं कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पहले भी भ्रम फैलाने और लोगों को गुमराह करने के लिए उनकी और यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कहा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### इस बयान पर विवाद

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शाह के संबोधन का एक वीडियो अंश भी जारी किया जिसमें गृह मंत्री विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए यह कहते सुने जा सकते हैं कि अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकर... आंबेडकर...। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।

### कांग्रेस ने गलत अर्थ निकालकर फैलाया भ्रम

शाह ने कहा कि उनके भाषण का एक-एक शब्द तथ्यात्मक है और 'इतिहास के गर्भ से बाहर' आया हुआ है लेकिन कांग्रेस ने उसे संपादित करके गलत अर्थ निकालकर भ्रम फैलाने का प्रयास किया। शाह ने कहा कि पूरा देश जानता है कि संविधान को समावेशी बनाने में, दलितों, आदिवासियों, वंचितों, गरीबों को न्याय दिलाने में और लोकतंत्र की नींव को गहरा करने में बाबा साहेब का बहुत बड़ा योगदान है और पूरा देश बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।





### शाह ने गिनाए कांग्रेस के 'अपमान'


शाह ने कहा, जब संविधान सभा अपना काम कर चुकी, फिर 1951-52 और 1954 में चुनाव हुआ दोनों बार कांग्रेस ने बाबा साहेब को हराने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां तक भारत रत्न देने का सवाल है तो कांग्रेस नेताओं ने कई बार खुद को ही भारत रत्न दिए हैं। 1995 में जवाहर लाल नेहरू ने, 1971 में इंदिरा गांधी ने खुद को भारत रत्न दे दिया और 1990 में बाबा साहेब को भारत रत्न तब मिला जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में नहीं रही। शाह ने कहा, जब तक कांग्रेस सत्ता में रही अंबेडकर जी का कोई भी स्मारक नहीं बनने दिया. जैसे-जैसे विरोधी दल की सरकारें आती रहीं उनके स्मारक बनते रहे।

### पीएम बोले- कांग्रेस का दुर्भावनापूर्ण झूठ



इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान के आरोप का सामना कर रहे अमित शाह का जोरदार बचाव करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने संविधान निर्माता का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास की पोल खोल दी, जिससे मुख्य विपक्षी पार्टी स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके 'दूषित इकोसिस्टम' को लगता है कि उसके 'दुर्भावनापूर्ण झूठ' संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति उसके कई वर्षों के 'कुकर्मों' को छिपा सकते हैं तो वह 'गंभीर भूल' कर रही है।

### खड़गे ने कहा- शाह को आज ही बर्खास्त करें प्रधानमंत्री



*कांग्रेस ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संदर्भ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की 'अपमानजनक' टिप्पणी को लेकर बुधवार को भाजपा पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यदि शाह इस्तीफा नहीं देते हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनका बचाव करने के बजाय आज रात 12 बजे तक उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यह भी कहा कि यदि प्रधानमंत्री को बाबासाहेब के प्रति थोड़ी भी श्रद्धा है तो उन्हें यह कदम उठाना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश संविधान निर्माता का अपमान सहन नहीं करेगा तथा गृह मंत्री को माफी मांगनी चाहिए।*

## खबर संक्षेप

### हवाई अड्डे पर 5.56 करोड़ का गांजा बरामद

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री के सामान में खाने के पैकेट में छिपाकर रखी गई 5.56 करोड़ रुपए कीमत की 5.56 किलोग्राम गांजा जब्त की। विशेष खुफिया सूचना के आधार पर सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने जाल बिछाकर एक यात्री को रोका। यात्री के बैग की तलाशी लेने पर गांजा मिली। इसकी कीमत 5.56 करोड़ रुपए थी। पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## महाकुंभ मेले के लिए नहीं कर सकेंगे मुफ्त यात्रा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने उन दावों को बेबुनियाद और भ्रामक करार देते हुए बुधवार को खारिज किया कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा की अनुमति दी जाएगी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई प्रावधान मौजूद नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया संस्थान ऐसी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### महाकुंभ के दौरान विशेष तैयारी

बयान के अनुसार, भारतीय रेलवे महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें कहा गया है, यात्रियों के बड़ी संख्या में आने के मद्देनजर ▶▶ शेष पेज 4 पर




**ग्रामीणों की शिकायत पर ईडी ने मारे छापे**

## शराब, डीएमएफ मामले में ईडी का रायपुर, गरियाबंद, मैनपुर में धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/गरियाबंद

शराब तथा डीएमएफ घोटाले को लेकर ईडी की टीमों ने बुधवार को रायपुर, गरियाबंद तथा मैनपुर में तीन चावल कारोबारियों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। ईडी की टीम तड़के करीब साढ़े छह से सात बजे के करीब छापे की कार्रवाई करने पहुंची।

रायपुर में चावल कारोबारी के यहां ईडी की टीम के अधिकारी तीन अलग-अलग बाइक पर सवार होकर पहुंचे। बताया जा रहा वे शराब घोटाला के आरोप में जेल में बंद अनवर ढेबर के रिश्तेदार हैं। सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम ने रायपुर, मौदहापारा में रफीक मेमन, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ग्रामीणों ने की थी लिखित शिकायत

गुलाम मेमन के खिलाफ ग्रामीणों का एक शिकायती पत्र वायरल हुआ है। वायरल पत्र के अनुसार मैनपुर के ग्रामीणों ने ईडी के पास लिखित में शिकायत की है। शिकायत में ग्रामीणों ने गुलाम को बेरोजगार बताते हुए उसके पास किसी तरह से आय के साधन नहीं होने का आरोप लगाते हुए भारी मात्रा में पैसा होने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की शिकायत के अनुसार गुलाम ने अपने चचेरे भाई सरफराज के नाम से ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सर्वोच्च न्यायालय ने दिया फैसला**

## डिग्री मामले में हटाए गए पत्रकारिता विवि के प्राध्यापक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लंबे चले विवाद के बाद अंततः पत्रकारिता विवि के प्राध्यापक डॉ.शाहिद अली को उनके पद से हटा दिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले के बाद केटीयू ने अपने पुराने आदेश को पुनः प्रभावशील करते हुए प्रोफेसर की सेवाएं समाप्त कर दी है।

इस संदर्भ में आदेश विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में पदस्थ प्राध्यापक डॉ.शाहिद अली की पीएचडी उपाधि पर विवाद की स्थिति थी। उन पर नियमविरूद्ध गलत तरीके से पीएचडी डिग्री हासिल करने का आरोप था। इसे आधार बनाते हुए ▶▶ शेष पेज 4 पर

### लंबे समय से विवाद

बर्खास्तगी पर स्टे दिए जाने के बाद विवि ने मई में उन्हें फिर से बहाल कर दिया था। बीते माह 27 नवंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने मामले का निपटान करते हुए विश्वविद्यालय के पक्ष में फैसला दिया। इसके पश्चात 17 दिसंबर को विवि ने अपने पुराने निर्णय को फिर से बहाल कर दिया है। इसके अनुसार, डॉ.शाहिद अली की विश्वविद्यालय में सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं।





# चौधरी होंगे अध्यक्ष, अनुराग, प्रियंका समेत 31 सदस्य शामिल

*एक देश-एक चुनाव के लिए संयुक्त संसदीय कमेटी (जेपीसी) का गठन हो गया है। 31 सदस्यों की जेपीसी में अनुराग ठाकुर और प्रियंका गांधी जैसे सांसदों का नाम शामिल है। इस कमेटी की अध्यक्षता बीजेपी सांसद पीपी चौधरी करेंगे। वन नेशन वन इलेक्शन बिल को लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया है। अब इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जेपीसी की सिफारिशें मिलने के बाद अब नरेंद्र मोदी सरकार की अगली चुनौती इसे संसद से पास कराने की होगी। चूंकि वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़ा बिल संविधान संशोधन विधेयक है इसलिए लोकसभा और राज्यसभा में इस बिल को पास कराने के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता होगी। अनुच्छेद 368 (2) के तहत संविधान संशोधनों के लिए विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है। इसका अर्थ है कि प्रत्येक सदन में यानी कि लोकसभा और राज्यसभा में उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत द्वारा इस विधेयक को मंजूरी देनी होगी।

### क्या करेगी जेपीसी?

सरकार ने इस बिल को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा है। जेपीसी का काम है इस पर व्यापक विचार-विमर्श करना, विभिन्न पक्षकारों और विशेषज्ञों से चर्चा करना और अपनी सिफारिशें सरकार को देना। वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष कहते हैं, 'जेपीसी की जिम्मेदारी है कि वह व्यापक परामर्श करे और भारत के लोगों की राय को समझे।'

### क्यों हो रही ओएनओई बिल पर चर्चा

यह बिल भारत के संघीय ढांचे, संविधान के मूल ढांचे, और लोकतंत्र के सिद्धांतों को लेकर बड़े पैमाने पर कानूनी और संवैधानिक बहस छेड़ चुका है। आलोचकों का कहना है कि राज्य विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराने से राज्यों की स्वायत्तता पर असर पड़ेगा और सत्ता के केंद्रीकरण की स्थिति बनेगी। कानूनी विशेषज्ञ यह भी देख रहे हैं कि क्या यह प्रस्ताव संविधान की बुनियादी विशेषताओं, जैसे संघीय ढांचा और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व, को प्रभावित करता है।





### विपक्ष को क्यों है एक देश एक चुनाव बिल से ऐतराज?

कांग्रेस ने इस बिल को संविधान के मूल ढांचे पर प्रहार मानती है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि यह विधेयक भारतीय जनता पार्टी का देश में 'तानाशाही' लाने का प्रयास है। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने इस विधेयक को गैर- संवैधानिक बताया है। उन्होंने कहा, 'ये विधेयक गैर-संवैधानिक हैं। ये हमारे राष्ट्र के संघवाद के खिलाफ है। हम इस विधेयक के खिलाफ हैं।'

### जेपीसी में शामिल ये नाम

1. पी.पी.चौधरी (भाजपा) 2. डॉ. सीएम रमेश (भाजपा) 3. बांसुरी स्वराज (भाजपा) 4. परषोत्तमभाई रूपाला (भाजपा) 5. अनुराग सिंह ठाकुर (भाजपा) 6. विष्णु दयाल राम (भाजपा) 7. भर्तृहरि महताब (भाजपा) 8. डॉ. संबित पात्रा (भाजपा) 9. अनिल बलूनी (भाजपा) 10. विष्णु दत्त शर्मा (भाजपा) 11. प्रियंका गांधी वाड्रा (कांग्रेस) 12. मनीष तिवारी (कांग्रेस) 13. सुखदेव भगत (कांग्रेस) 14. धर्मेन्द्र यादव (समाजवादी पार्टी) 15. कल्याण बनर्जी (टीएमसी) 16. टी.एम. सेल्वागणपति (डीएमके) 17. जीएम हरीश बालयोगी (टीडीपी) 18. सुप्रिया सुले (एनसीपी-शरद गुट) 19. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना- शिंदे गुट) 20. चंदन चौहान (आरएलडी) 21. बालाशोवरी वल्लभनेनी (जनसेना पार्टी)

## खबर संक्षेप

### गगन गिल को मिलेगा साहित्य अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादेमी ने 21 भाषाओं में अपने वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार-2024 की घोषणा की है। इस वर्ष हिंदी साहित्य के लिए यह पुरस्कार कवयित्री गगन गिल को प्रदान किया जाएगा।



गगन गिल को यह पुरस्कार उनकी कृति 'मैं जब तक आयी बाहर' के लिए के लिए प्रदान किया जाएगा। गगन गिल का जन्म 18 नवंबर 1959 को नई दिल्ली में हुआ। आपने अंग्रेज़ी साहित्य में एम. ए. किया है। सन् 1983 में 'एक दिन लौटेगी लड़की' कविता संग्रह के प्रकाशित होते ही गगन गिल साहित्यिक गलियारे में एक स्थापित और नामचीन कवयित्री बन गईं।

### 'एक देश-एक चुनाव' तानाशाही की शुरुआत

**नई दिल्ली।** देश भर में एक देश एक चुनाव के मुद्दे को लेकर सियासी गर्माहट सातवें आसमान पर है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जुबानी तकरार भी बड़े पैमाने पर देखने को मिल रही है।



इसी बीच बुधवार को प्रस्तावित 'एक देश एक चुनाव' के बारे में वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने चिंता जताते हुए इसे तानाशाह की शुरुआत करार दिया।

### बीकानेर फील्ड फायरिंग रेंज में ब्लास्ट, 2 जवानों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान के बीकानेर में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के नॉर्थ कैंप में प्रैक्टिस के दौरान ब्लास्ट होने से 2 जवानों की मौत हो गई। एक जवान गंभीर रूप से घायल है। उन्हें सूरतगढ़ के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 4 दिन में यह दूसरा हादसा है। दोनों हादसों में 3 जवानों की मौत हुई है। सेना के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया- हादसा फायरिंग रेंज के चार्ली सेंटर पर हुआ, जहां सैन्य अभ्यास चल रहा था। सुबह तोप से फायर करते वक्त अचानक ब्लास्ट हुआ।

# भारत-चीन के बीच फिर से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा!

*बीजिंग में दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों की बैठक में सीमा मामले के अलावा इस मुद्दे पर भी किया गया विचारों का आदान-प्रदान*

*पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारत और चीन के बीच लंबे वक्त तक बने हुए विवाद की समाप्ति के बाद बुधवार को बीजिंग में दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें भारत का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने किया और चीन की तरफ से बैठक में विदेश मंत्री वांग यी शामिल हुए।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने बैठक के बाद एक बयान जारी कर बताया कि विशेष प्रतिनिधियों ने अपनी वार्ता में इस बात के महत्व को रेखांकित किया कि सीमा के इलाकों में शांति और सौहार्द को बनाए रखने से दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलती है। सीमा के मसले पर दोनों के बीच सकारात्मक और रचनात्मकता बातचीत हुई। एलएसी पर जमीनी स्तर पर शांति बहाली की भी डोभाल और वांग यी ने वकालत की। बैठक में साझा हितों से जुड़े हुए भारत और चीन के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की गई। इसके अलावा सीमा पार सहयोग, कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से शुरुआत, सीमा पार नदी सहयोग और व्यापार के मामले पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों ने इस तथ्य को स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच स्थिर और बेहतर संबंध क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति और समृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच 2020 से कोरोना महामारी के समय से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रोक लगी हुई है।



### भारत में होगी अगली बैठक

बैठक में दोनों ने सीमा मामले के समाधान के लिए एक निष्पक्ष, उचित और साझा स्वीकार्य तंत्र के लिए संपूर्ण संबंधों के परिदृश्य में राजनीतिक विचार के महत्व को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर की। विशेष प्रतिनिधियों की अगली बैठक भारत में आयोजित किए जाने को लेकर दोनों ने सहमति प्रदान की। एनएसए ने चीन के विदेश मंत्री को इसके लिए भारत की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने बैठक से इतर चीन के उप राष्ट्रपति हान झेंग से शिष्टाचार मुलाकात की।

### विवाद से सीख लेते हुए कायम होगी सीमा पर शांति

*मंत्रालय ने बताया कि अपनी बातचीत के दौरान 2020 के विवाद से सीख लेते हुए दोनों विशेष प्रतिनिधियों ने सीमा पर शांति और सौहार्द कायम करने के उपायों पर मंथन किया और प्रभावी सीमा प्रबंधन पर भी जोर दिया। साथ ही इसकी प्राप्ति के लिए दोनों ने सैन्य और कूटनीतिक तंत्र के मार्गदर्शन का प्रयोग करने पर सहमति जताई।*

*यह बैठक एलएसी विवाद की समाप्ति की भारत द्वारा 21 अक्टूबर 2024 को की गई घोषणा के बाद रूस के कजान शहर में दोनों देशों के राष्ट्रध्यक्षों के बीच हुई पहली द्विपक्षीय बैठक में बनी सहमति के आधार पर हुई। 2020 में हुए सीमा विवाद के खत्म होने के बाद हुई विशेष प्रतिनिधियों की यह पहली बैठक थी।*

**बांग्लादेश की एक और नापाक हरकत**

# बंगाल, असम और त्रिपुरा को बताया अपना हिस्सा

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के 'सलाहकार' के रूप में कार्यरत महफूज आलम ने 16 दिसंबर 1971 के विजय दिवस के अवसर पर भारत के खिलाफ विवादित बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया। विजय दिवस, बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तानी सेना पर बांग्लादेशी सेना की जीत का प्रतीक है। इसी दिन महफूज ने सोशल मीडिया पर भारत के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डाला। पोस्ट में महफूज आलम ने पूर्वोत्तर और उत्तरी भारत में सांस्कृतिक असंतोष को भड़काने का प्रयास किया। इसके साथ ही, एक विवादित नक्शा जारी किया, जिसमें पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया। विवाद बढ़ने के बाद, महफूज ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी।

## विवादित नक्शा जारी



### पूर्वोत्तर भारत को अस्थिर करने की कोशिश

महफूज आलम ने अपने पोस्ट में दावा किया कि पूर्वोत्तर भारत और बांग्लादेश के लोगों की संस्कृति धर्म से अलग एक जैसी है। उसने यह भी आरोप लगाया कि भारत के ऊंची जातियों और 'हिंदू कट्टरपंथियों' के रवैये के कारण पूर्वी पाकिस्तान का निर्माण हुआ था। महफूज ने अपने पोस्ट में 1975 और 2024 की घटनाओं को दोहराने की जरूरत बताई।

### 1975 और 2024 का संदर्भ

1975 में बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। 2024 में शेख हसीना को सत्ता से हटाने की कथित योजना को महफूज ने अलोकतांत्रिक करार दिया। उसने कहा कि इन घटनाओं के बीच 50 वर्षों का अंतर है, लेकिन परिस्थितियां नहीं बदलीं. महफूज ने दावा किया कि बांग्लादेश को एक नई व्यवस्था और भूगोल की जरूरत है।

### विवादित नक्शा और धमकी भरी बातें

महफूज ने फेसबुक पर एक विवादित नक्शा साझा किया, जिसमें भारत के पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया। उसने कहा कि बांग्लादेश अब भी अपनी 'मुक्ति की तलाश' में है और यह सिर्फ शुरुआत है। हालांकि, भारत पर कब्जा करने का सपना साझा करने के कुछ ही घंटों बाद, चुपचाप पोस्ट को हटा दिया।




# स्वास्थ्य मंत्री ने पद्मविभूषण तीजन बाई को 5 लाख रुपए की दी आर्थिक सहायता

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल विधायकों के साथ तीजन बाई से मिलने पहुंचे गनियारी

चिकित्सकों की टीम के साथ श्रीमती तीजन बाई के स्वास्थ्य की ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पंडवानी की लोक गायिका पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई की हालत जानने आज उनके निवास गांव गनियारी (विकासखंड पाटन, जिला दुर्ग) पहुंचे। उन्होंने पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल-चाल पूछा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मंत्री श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के तरफ से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक पद्मविभूषण श्रीमती तीजन बाई को प्रदान किया। श्री जायसवाल ने परिवार में नौकरी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा करने का भी आश्वासन दिया। साथ ही शासन स्तर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की बाते कही।

### इलाज में नहीं होनी चाहिए कोई कमी, सीएम साय ने दिए निर्देश

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निर्देश दिया है कि छत्तीसगढ़ की पहचान पद्म विभूषण श्रीमती तीजन बाई के इलाज में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। तीजन बाई के इलाज के लिए चिकित्सकों की एक टीम भी तैनात की गई है जो लगातार उनका मेडिकल बुलेटिन भी जारी करते रहते हैं। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने श्रीमती तीजन बाई को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक श्री डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, श्री ललित चंद्राकर और श्री गजेंद्र यादव,संचालक स्वास्थ्य सेवाये, कलेक्टर, सीएमएचओ और स्वास्थ्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

### चार साल बाद उमर खालिद को अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली स्थित कड़कड़डूमा कोर्ट ने बुधवार को जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद को यूएपीए मामले में अंतरिम जमानत दे दी, जिसमें 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित एक बड़ी साजिश का आरोप लगाया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने परिवार में एक शादी में शामिल होने के लिए खालिद को 7 दिनों की अंतरिम जमानत दी।




**लौटने में लगेंगे 2 और महीने, 8 दिन का सफर 10 महीने में बदला**

# नासा ने फिर टाल दी विलियम्स की वापसी

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन



अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स लंबे समय से स्पेस में फंसी हुई हैं। 5 जून को वह बोइंग स्टारलाइनर के जरिए अपने साथी बुच विल्मोर के साथ इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में गई थीं। स्टारलाइनर में तकनीकी समस्याओं के कारण उनकी वापसी संभव नहीं हो पाई। उनकी वापसी में एक बार फिर देरी हो रही है। अगले क्रू लॉन्च में देरी के कारण ऐसा हुआ है। अंतरिक्ष यात्री मूल रूप से फरवरी 2025 में लौटने वाले थे। लेकिन नासा ने मंगलवार को घोषणा की कि वे कम से कम मार्च के अंत तक अंतरिक्ष में रहेंगी। दोनों का मिशन मूल रूप से 8 दिनों का होने वाला था। लेकिन स्टारलाइनर के साथ हीलियम लीक और कमजोर थ्रस्टर्स जैसी समस्याओं के कारण नासा को इसे खाली पृथ्वी पर वापस लाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### सुरक्षा का ध्यान जरूरी

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक नासा के वाणिज्य क्रू कार्यक्रम के प्रमुख स्टीव स्टिच ने कहा, 'नए अंतरिक्ष यान का निर्माण, संयोजन, परीक्षण और अंतिम एकीकरण एक मुश्किल प्रकिया है, जिसके लिए विवरण पर बहुत ध्यान देने की जरूरत होती है।' क्रू-9 मिशन, जिसमें निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव को विलियम्स और विल्मोर की जगह लेने के लिए 30 सितंबर को ISS पर लॉन्च किया गया था।




सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
गुरुवार, 19 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष: 23, अंक: 153
पृष्ठ: 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 28.7
न्यून. 10.2

## राजनांदगांव में सामने आई गड़बड़ी

# पुलिस भर्ती में गोलमाल, गोला फेंक में 11 अंक मिले, दर्ज हुआ 20, पड़ताल के बाद अब केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

प्रदेशभर में जारी आरक्षक भर्ती की प्रक्रिया के तहत राजनांदगांव जिले में भी चल रही भर्ती प्रक्रिया में बड़ी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। कम अंक मिलने के बाद भी अधिक अंकों की एंट्री की शिकायत के बाद डीएसपी अनुप्रिया ठाकुर ने एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले में अब किन-किन की संलिप्तता रही है, इसकी जांच की जा रही है।

लालबाग थाना द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार डीएसपी अनुप्रिया ठाकुर को भर्ती प्रक्रिया के तहत गोला फेंक इवेंट का प्रभारी बनाया गया है। इसी इवेंट के तहत जब उन्होंने दर्ज अंकों को चेक किया तो पाया ▶▶शेष पेज 4 पर

खास खबर

### रिजल्ट को कर दिया संशोधित

पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में प्रत्येक अभ्यर्थी को मात्र एक अवसर ही प्रदान करने का प्रावधान है, किन्तु उक्त प्रकरण में अनुचित तरीके से अभ्यर्थी मीना को लाभ पहुंचाने हेतु प्रकिया से छेड़छाड़ कर वास्तविक रूप से प्राप्त 11 अंक के रिजल्ट को संशोधित करते 20 अंक दर्ज किया गया है। उक्त प्रकरण में तकनीकी टीम, पुलिस स्टॉफ एवं अन्य के शामिल होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। प्रकरण के परिलक्षित होने के उपरांत इस प्रकार के अन्य प्रकरण होने की संभावना है, जिस पर कूटरचना एवं धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने हेतु एफआईआर कराई गई है।



### एसपी ने गंभीरता से लिया मामला

16 नवंबर से आरक्षक पद पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इस दौरान पासिंग रिजल्ट के अंकों में कुछ गड़बड़ियां नजर आई। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया और भर्ती प्रक्रिया का डेटा चेक कराया। जिसमें कई खामियां सामने आई।

### बड़े स्तर की जालसाजी

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के डेटा टाइमिंग टेक्नोलॉजी को लेकर गहन अध्ययन कराया गया। इसमें गड़बड़ी नजर आई। उन्होंने कहा कि इसके बाद हैदराबाद की कंपनी जो भर्ती प्रक्रिया करवा रही थी, उससे डिटेल मांगा गया। जिसमें कई विसंगतियां मिली। 20 से अधिक प्रतिभागियों का डेटा संदेहास्पद मिला। जिसकी सीसीटीवी फुटेज निकलवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि डेटा ऑपरेटर द्वारा ऐसे मार्क्स की एंट्री की गई, जो कैंडिडेट ने अटेम्प्ट नहीं किया था। उन्होंने कहा कि इसमें बड़े स्तर की जालसाजी हुई है।

### लालबाग थाना में एफआईआर

इस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी नजर आने के बाद सीसीटीवी फुटेज से वास्तविक डेटा कंफर्म होने के बाद इस मामले में भर्ती प्रक्रिया में गोला फेंक प्रभारी रही डीसीपी अजाक अनुप्रिया ठाकुर द्वारा लालबाग थाना में एफआईआर दर्ज कर दी गई है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने कहा: होगी कार्रवाई

भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आने के मामले को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होगी तो एफआईआर भी की जाएगी और गड़बड़ी करने वालों पर कठोर कार्रवाई भी होगी।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### उधमपुर-बारामूला रेल लिंक तैयार



**अनंतनाग।** उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक का कार्य पूरा हो जाने के साथ ही अगले महीने तक कश्मीर के देश के बाकी हिस्सों से जुड़ जाने की संभावना है। उत्तरी रेलवे महाप्रबंधक अशोक वर्मा ने कहा, यह परियोजना बहुत जल्द पूरी हो जाएगी।

### अशांत मणिपुर में पांच आईईडी बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में कुल 21.5 किलोग्राम वजन के पांच आईईडी मिले हैं। मोंगलहाम के समीप माफीटेल रिज में 'स्पीयर कोर' और मणिपुर पुलिस के संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान ये आईडी बरामद किए गए।

### ऑस्कर की दौड़ से 'लापता लेडीज' बाहर



**नई दिल्ली।** फिल्म 'लापता लेडीज' ऑस्कर पुरस्कार 2025 की दौड़ से बाहर हो गई है। किरण राव के निर्देशन में बनी यह फिल्म 97वें अकादमी पुरस्कारों की सर्वश्रेष्ठ अंतराष्ट्रीय फीचर श्रेणी में भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि थी। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने घोषणा की।

### विधायक के भाई के परिसरों पर ईडी के छापे

**भुवनेश्वर।** ईडी ने बुधवार को धनशोधन मामले की जांच के तहत ओडिशा में बीजद की एक विधायक के भाई से जुड़े परिसरों पर छापे मारे। बीजद विधायक प्रमिला मलिक के भाई खीरोद मलिक से जुड़े मकान और कुछ अन्य परिसरों पर संबलपुर में छापेमारी की जा रही है।

## किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत को लेकर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

# कोर्ट ने कहा- किसानों के लिए हमेशा खुले हैं हमारे दरवाजे, सरकार से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को किसान आंदोलन पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि किसानों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। वे सीधे अपने सुझाव या मांगें लेकर हमारे पास आ सकते हैं या अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत पर भी पंजाब सरकार से जवाब मांगा। उधर, केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए किसान बुधवार को रेलमार्गों पर बैठ गए।*

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, राज्य सरकार को अच्छा नहीं होगा अगर डल्लेवाल को कुछ होता है और आरोप लगते हैं। उन्हें सभी मेडिकल सुविधाएं मिलती रहें। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे। इस बीच पंजाब के अटॉर्नी जनरल गुरमिंदर सिंह ने डल्लेवाल के साथ बातचीत की है। गुरमिंदर सिंह ने कहा, उन्होंने अपने मेडिकल टेस्ट करवाने से इंकार कर दिया है, उनके सभी जरूरी अंग सही तरह से काम कर रहे हैं। इस मामले में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ को पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने सूचित किया कि समिति ने उन्हें 17 दिसंबर को आमंत्रित किया था, लेकिन प्रदर्शनकारी किसानों ने उनसे बात नहीं की। उन्होंने सुझाव दिया कि उन्हें अपनी मांगों को सीधे अदालत में रखने की अनुमति दी जा सकती है। इधर, एक प्रदर्शनकारी किसान ने कहा, हम सरकार से एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं।

### रेलमार्गों पर बैठे किसान

फसलों के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए बुधवार को किसानों के रेलमार्गों पर बैठ जाने के कारण पंजाब में ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। 'रेल रोको' आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने किया। किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि किसान दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक कई स्थानों पर रेल पटरियों पर बैठे रहे।



### स्टेशनों पर रुकी रहीं ट्रेनें

*जम्मू से सियालदह जाने वाली हमसफर एक्सप्रेस, अमृतसर से मुंबई जाने वाली दादर एक्सप्रेस और नई दिल्ली से अमृतसर जाने वाली शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस को लुधियाना रेलवे स्टेशन के विभिन्न प्लेटफार्मों पर रोक दिया गया। नई दिल्ली से अमृतसर आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को खन्ना रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया।*

### दिल्ली में प्रवेश की तीन कोशिश

*इससे पहले 101 किसानों के एक 'जत्थे' (समूह) ने छह दिसंबर, आठ दिसंबर और फिर 14 दिसंबर को पैदल दिल्ली में प्रवेश करने की तीन कोशिशें की थीं। हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया।*

### किसान की अस्पताल में मौत

14 दिसंबर को किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच शंभू बॉर्डर पर जहरीला पदार्थ खाकर कथित तौर पर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले 57 सा के शख्स की बुधवार को पटियाला के सरकारी अस्पताल में मौत हो गई। किसान नेताओं ने कहा कि लुधियाना जिले के रतनहेड़ी गांव के किसान रणजोध सिंह ने कथित तौर पर यह कदम उठाया।

### इधर, ग्राम न्यायालय पर देश में नहीं हो सकता एक फॉर्मूला

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि ग्राम न्यायालयों की स्थापना के लिए पूरे देश के लिए 'एक समान फार्मूला' नहीं हो सकता, क्योंकि स्थिति राज्य दर राज्य निर्भर करेगी। संसद ने 2008 में एक कानून पारित किया था जिसमें नागरिकों को उनके घर के निकट न्याय उपलब्ध कराने के लिए जमीनी स्तर पर ग्राम न्यायालयों की स्थापना का प्रावधान किया गया था। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया गया था कि सामाजिक, आर्थिक या अन्य परेशानियों की वजह किसी को भी न्याय प्राप्त करने के अवसरों से वंचित न किया जाए। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें केंद्र और सभी राज्यों को शीर्ष अदालत की निगरानी में ग्राम न्यायालय स्थापित करने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने कहा, आप पूरे देश के लिए एक समान फार्मूला नहीं अपना सकते।

# कांग्रेस में विलय के लिए जोगी कांग्रेस की अर्जी, बैज बोले-कमेटी लेगी फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जोगी) सुप्रीमो रेणु जोगी ने पार्टी के कांग्रेस में विलय की इच्छा जताई है, इसके लिए उन्होंने पीसीसी चीफ दीपक बैज को पत्र लिखा है। जोगी कांग्रेस का पत्र मिलने के बाद श्री बैज ने कहा, उनका आवेदन मिला है। कांग्रेस प्रवेश के लिए बनी कमेटी इस पर विचार कर निर्णय लेगी।

कांग्रेस में प्रवेश के लिए पार्टी छोड़कर गए और अन्य पार्टियों के नेताओं की कांग्रेस में वापसी के लिए प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने एक सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी गठन होने के साथ ही पीसीसी को नेताओं के आवेदन मिलने लगे हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट के नेतृत्व में कमेटी बनी है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि यह कमेटी इस महीने के अंत में बैठक करेगी। ▶▶शेष पेज 4 पर

### पहले भी किया था कांग्रेस प्रवेश का प्रयास

रेणु जोगी ने अपने पत्र में कहा है कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) कांग्रेस विचारधारा की है। हमारी पार्टी के कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि पार्टी का एआईसीसी में विलय कर सभी पदाधिकारी एवं सदस्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करना चाहते हैं। इस संबंध उन्होंने प्रदेश ▶▶शेष पेज 4 पर

### हमारे परिवार को कांग्रेस से मिला सम्मान : जोगी



जोगी कांग्रेस की सुप्रीमो रेणु जोगी ने कहा, कांग्रेस में पार्टी के विलय के लिए पत्र लिखा है। उम्मीद है, कांग्रेस पार्टी निर्णय लेगी। अजीत जोगी और हमारे परिवार को कांग्रेस ने बहुत कुछ दिया, हमारी विचारधारा भी वैसी ही है। उन्होंने कहा, हम लोगों ने एक परिवार की तरह स्नेह सम्मान जो कुछ भी पाया है वो कांग्रेस पार्टी से ही पाया है। ▶▶शेष पेज 4 पर

## मुंबई तट के पास बड़ा हादसा

# नौसेना का पोत नौका से टकराया, 13 की मौत

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र में मुंबई तट के समीप बुधवार को नौसेना के एक पोत के एक नौका से टकराने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 99 अन्य लोगों को बचा लिया गया। नौसेना की ओर से जारी किए गए एक बयान में कहा गया कि नौसेना का पोत इंजन परीक्षण के लिए जा रहा था, लेकिन तभी शाम चार बजे इसने नियंत्रण खो दिया। करंजा के पास यह नीलकमल नामक नौका से टकरा गया।

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुंबई तट के पास हुई नौका दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पीएमओ ने 'एक्स' पर कहा, मुंबई में हुई नौका दुर्घटना दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

# बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को अपनाकर आगे बढ़ रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बाबा गुरु घासीदास के संदेशों को अपनाकर हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री श्री साय मुंगेली जिले के तहसील मुख्यालय लालपुर धाम में आयोजित बाबा गुरु घासीदास की 268वें जयंती समारोह एवं तीन दिवसीय मेला कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां ▶▶शेष पेज 4 पर



- मुख्यमंत्री साय लालपुरधाम में बाबा गुरु घासीदास की 268वें जयंती समारोह में हुए शामिल
- लोरमी में नालंदा परिसर का होगा निर्माण
- जैतखाम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की

### सबको साथ लेकर चलना बाबा का संदेश

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस अवसर पर कहा कि सबको साथ लेकर चलना बाबा का संदेश था। इसी संदेश का संकल्प लेकर हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का सांय-सांय विकास हो रहा है। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि लालपुर में उपस्थित होकर बाबा गुरु घासीदास की पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य मिला।

# घर में आग से घुटा दम, पूर्व डीएसपी समेत 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ कठुआ/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में एक घर में आग लगने के बाद दम घुटने से पूर्व पुलिस उपाधीक्षक और तीन वर्षीय एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आग से घायल हुए चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे जब स्थानीय लोगों ने आग देखी तो वे तत्काल वहां पहुंचे। उसने बताया कि आग लगने के कारण घर के अंदर धुआं भर गया, जिससे उसमें रहने वाले लोगों का सोते समय दम घुट गया। कठुआ के शिव नगर इलाके के इस घर में जिस समय आग लगी, उसमें रहने वाले लोग सो रहे थे।

**आधी रात खत्म हो गई जिंदगी**




## रूस का बड़ा दावा

# ढूंढ ली कैंसर की वैक्सीन मुफ्त लगाएगी सरकार



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय ने ऐलान किया है कि उसने कैंसर की वैक्सीन विकसित कर ली है। अगले साल की शुरुआत में यह दवाएं रूसी नागरिकों को मुफ्त में लगाई जाएंगी। बताया जाता है कि यह वैक्सीन कैंसर मरीजों को नहीं लगाई जाएगी, बल्कि लोगों को कैंसर से बचाने ▶▶शेष पेज 4 पर

### क्या एआई का किया गया इस्तेमाल?

इससे पहले, गिंट्सबर्ग ने कहा था कि एई नेटवर्क के इस्तेमाल से पर्सनलाइज्ड कैंसर वैक्सीन बनाने के लिए जरूरी गणना का समय एक घंटे से भी कम हो सकती है। मॉडर्ना और मर्क एंड कंपनी एक प्रयोगात्मक कैंसर वैक्सीन बना रही हैं।

## भालू के नाखून के साथ गिरफ्तार प्रकाश का संबंध इंटर स्टेट गिरोह से

**शनिवार को अपने गांव में तथा अन्य हाट बाजारों में तंत्र क्रिया करने बेचता था नाखून, दांत**

# वन्यजीवों की खाल, नाखून, दांत का कारोबार करने वाले तस्करों के तार इंटर स्टेट रैकेट से जुड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भालू के 80 नाखून, दांत तथा सियार सहित अन्य वन्यजीवों की खाल के साथ नगरी से गिरफ्तार प्रकाश नेताम के तार इंटर स्टेट गिरोह से जुड़े होने की पुष्टि उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन ने की है। जब्त नाखून, दांत को प्रकाश अपने तथा आसपास के गांव में लगने वाले हाट में खपाने का काम करता था। वन अफसर प्रकाश को कोर्ट से रिमांड लेने के बाद पूछताछ करने के साथ उसके तार किन-किन ▶▶शेष पेज 4 पर

### ऐसे तैयार करते हैं पोटाश बम

पोटाश बम की चपेट में आने वाले वन्यजीवों की काफी दर्दनाक मौत होती है। पोटाश बम की चपेट में आने वाले वन्यजीवों का जबड़ उखड़ जाता है। ▶▶शेष पेज 4 पर


55 पोटाश बम, वन्यजीवों के अंगों के साथ आरोपी गिरफ्तार

### तंत्र-मंत्र के लिए करते हैं खाल, नाखून की तस्करी

कथित तौर पर कमजोरी, जादू-टोना तथा आर्थिक समृद्धि के लिए लोग अंधविश्वास के कारण भालू सहित अन्य प्रजाति के वन्यजीवों के नाखून, दांत का ताबीज या अंगूठी बनाकर पहनते हैं। इसका फायदा उठाकर शिकारी वनों में वन्यजीवों का शिकार करने अलग-अलग तकनीक अपनाते हैं।

### पांच सौ से हजार रुपए में बेचता था

*वन अफसरों को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक प्रकाश भालू के नाखून तथा दांत को पांच सौ से हजार रुपए में बेचने का काम करता था। प्रकाश ने अब तक कितने भालू का शिकार किया है, इसकी जानकारी प्रकाश से पूछताछ करने के बाद अफसरों को मिल पाएगी।*

### महाराष्ट्र से लेकर ओडिशा तक गिरोह सक्रिय

*भालू के नाखून, दांत जब्ती के मामले में वन अफसर ने जल्द ही बड़ा खुलासा करने का दावा किया है। उदंती-सीतानदी से लेकर कांकेर, धमतरी तथा जगदलपुर में वन्यजीवों की खाल, नाखून, दांत की तस्करी करने ओडिशा तथा महाराष्ट्र तक इंटर स्टेट गैंग सक्रिय है।*

## चिंतन

# सरकार व किसान संगठन बातचीत से सुलझाएं मुद्दे

हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर लगभग दस माह से चल रहा किसान आंदोलन धीरे-धीरे गंभीर होता जा रहा है। सीमा खनौरी में गत 24 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य लगातार गिरता जा रहा है। इस पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताते हुए पंजाब सरकार से जवाब तलब किया। असल में 80 वर्षीय डोडेवाल कैंसर से भी पीड़ित हैं और लगातार अनशन पर होने के कारण उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि किसान सीधे हमारे पास आ सकते हैं या अपने प्रतिनिधि को भेज सकते हैं। उनके लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। याद रहे कि किसान इसी वर्ष 13 फरवरी से हरियाणा-पंजाब की सीमा पर डटे हैं। वे लगातार दिल्ली जाने की जिद पर अड़े हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट भी रास्ता खुलवाने की बात से इनकार कर चुका है। इस बात से कोई इनकार नहीं कर रहा कि किसानों की समस्याएं हैं। लेकिन जब सरकार बातचीत के जरिये उनका समाधान निकालने को तैयार है तो फिर दिल्ली चलो अभियान पर जोर देने का क्या औचित्य है? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि केंद्र सरकार के मंत्रियों और पंजाब के किसान नेताओं के बीच वार्ता इसीलिए किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी, क्योंकि कुछ लोगों का इरादा दिल्ली कूच करने का अधिक था। शायद इसीलिए उन्होंने जानबूझकर ऐसी भी मांगें रखीं, जिन्हें किसी भी सरकार के लिए मानना संभव नहीं। यह बात सही है कि किसानों की सबसे बड़ी मांगें एमएसपी गारंटी कानून बनाने की है। सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए, लेकिन इससे साथ अनेक किसान संगठन जो अन्य मांगों पर अड़े हैं, वो समझ से बाहर है। 60 वर्ष की आयु के बाद हर किसान को प्रति माह दस हजार रुपये की पेंशन दी जाए। आखिर इस तरह की मांग करने वाला कोई भी यह दावा कैसे कर सकता है कि वह अपनी जायज मांगों के लिए आंदोलनरत है। यह सही है कि किसानों को आंदोलन करने का पूरा अधिकार है और देश की राजधानी दिल्ली जाने का भी, लेकिन कौन भूल सकता है कि कृषि कानून विरोधी आंदोलन के दौरान किस तरह लाल किले में भीषण हिंसा हुई थी और राजमार्गों पर कब्जा कर दिल्ली-एनसीआर के लोगों की जीवनचर्या को कितनी बुरी तरह बाधित किया गया था। दिल्ली की सीमाओं पर किसानों के कब्जे के कारण लगभग अर्थव्यवस्था को 50 हजार करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। सीमाओं पर करोबार करने वाले व्यापारियों का कारोबार बंद हुआ सो अलग। निःसंदेह कुछ प्रश्नों के जवाब केंद्र सरकार को भी देने होंगे और सबसे प्रमुख प्रश्न यही है कि तीन कृषि कानून वापस लेने के बाद किसान संगठनों से जो वादे किए गए थे, उन्हें पूरा करने की दिशा में क्या किया गया। ऐसे प्रयास क्यों नहीं किए गए कि समय पर उनकी मांगों का समाधान किया जाए। किसान नेताओं को भी समझना होगा कि एमएसपी गारंटी कानून बहुत पेचीदा मामला है और कुछ राजनीति दल भी किसानों की आड़ में अपनी राजनीति चमकाने की फिराक में हैं। किसान आंदोलन का कांग्रेस भी खुलकर समर्थन कर रही है और पंजाब एवं दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी भी। यह तय है कि आने वाले दिनों में अन्य विपक्षी दल भी किसान संगठनों के पक्ष में खड़े नजर आएंगे। उनका इरादा केवल आंदोलन के सहारे अपनी सियासत चमकाने का है। किसान संगठनों को इनसे दूर रहकर सरकार संग बातचीत को आगे बढ़ाना चाहिए ताकि कोई उनके आंदोलन के सहारे अपने हित न साधे।



मंथन
अवधेश कुमार

# एक साथ चुनाव की ओर अग्रसर भारत

विधेयक पेश होने के बाद भी यह मानने वाले लोग ज्यादा नहीं होंगे कि आगामी कुछ वर्षों में एक निश्चित अवधि के भीतर लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव कराए जा सकते हैं। व्यावहारिक प्रारूपों के साथ लोकसभा में विधेयक प्रस्तुत होने के बाद इसे अव्यावहारिक व असंभव मानने वालों की सोच में बदलाव आएगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित 8 सदस्यीय समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही मान लिया जाना चाहिए था कि मोदी सरकार विरोधियों द्वारा उठाई जा रही आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद एक साथ चुनाव करने के अपने लक्ष्य को साकार करना चाहती है। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इसकी स्वीकृति के बाद अगला कदम विधेयक पेश होना था।

एक देश एक चुनाव विधेयक लोकसभा में प्रस्तुत किए जाने के समय विपक्षियों का विरोध अनापेक्षित नहीं है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका विचार देश के समक्ष रखा विरोधी पार्टियां तभी से इसके विरुद्ध रहीं हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने हालांकि प्रस्तुत करते समय विपक्ष की अनेक आशंकाओं का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि यह किसी तरह न राज्यों की शक्तियों के साथ छेड़छाड़ करता है, न संघीय ढांचे को कमजोर करता है और न ही संविधान की सर्वोच्चता या मूल ढांचे के ही विपरीत है। विपक्ष को इसे स्वीकार नहीं करना था और फिर मत विभाजन, जिसमें विरोध में 198 और पक्ष में 269 मत के बाद ही विधेयक पेश किया गया। पहले से माना जा रहा था कि सरकार तत्काल इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेजेगी और यही हुआ। विधेयक पेश होने के बाद भी यह मानने वाले लोग ज्यादा नहीं होंगे कि आगामी कुछ वर्षों में एक निश्चित अवधि के भीतर लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव कराए जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा इस दिशा में दिखाई गई प्रतिबद्धता और तत्परता निस्संदेह उम्मीद जगाती है कि चुनावों का बिगड़ा हुआ क्रम पटरी पर आएगा। हालांकि व्यावहारिक प्रारूपों के साथ लोकसभा में विधेयक प्रस्तुत होने के बाद इसे अव्यावहारिक व असंभव मानने वालों की सोच में बदलाव आएगा। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित 8 सदस्यीय समिति की रिपोर्ट आने के बाद ही मान लिया जाना चाहिए था कि मोदी सरकार विरोधियों द्वारा उठाई जा रही आशंकाओं और आलोचनाओं के बावजूद एक साथ चुनाव करने के अपने लक्ष्य को साकार करना चाहती है। पिछले 12 दिसंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इसकी स्वीकृति के बाद अगला कदम विधेयक पेश होना था। इसके बाद इसका पारित होना ही शेष है। चुनाव के लिए 129वें संशोधन विधेयक में स्पष्ट रूप से संविधान संशोधनों से लेकर उन सभी बातों का रेखांकन है जिनसे यह साकार हो सकता है। इसमें दो विधेयक हैं। एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव कराने के संबंध में। स्थानीय निकाय चुनावों को भविष्य के लिए छोड़ा गया है। संविधान संशोधन के द्वारा एक नये अनुच्छेद जोड़ने और तीन अनुच्छेदों में संशोधन करने का प्रस्ताव है। एक, अनुच्छेद- 82(ए) जोड़ा जाएगा, ताकि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ आयोजित हो जाएं। दो, अनुच्छेद- 83 संसद के सदनों के कार्यकाल से संबंधित अनुच्छेद 83 तथा राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल से संबंधित अनुच्छेद 172 और विधानसभाओं के चुनाव से संबंधित कानून निर्मित करने में संसद की शक्ति वाला अनुच्छेद 327 में संशोधन किया जाएगा। इसके द्वारा यह प्रावधान किया जाएगा कि आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक की तिथि के लिए राष्ट्रपति अधिसूचना जारी करेंगे। अधिसूचना की तिथि को नियुक्ति तिथि माना जाएगा और लोकसभा का कार्यकाल नियुक्ति तिथि से पूरे 5 वर्ष का होगा। यह प्रश्न उठाया जाता रहा है कि अगर बीच में किन्हीं कारणों से



सरकार गिर गई तो क्रम कैसे बनाए रखा जाएगा? इसका उत्तर यह है कि लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा समय से पहले भंग होने पर बचे हुए कार्यकाल के लिए ही चुनाव कराए जाएंगे। वास्तव में विधेयक पारित हो जाए तो 2034 से देश में एक साथ चुनाव संपन्न हो जाएगा। जिन लोगों ने कोविंद समिति की रिपोर्ट पढ़ी उन्हें इन सारी बातों की जानकारी होगी। ये विधेयक उस रिपोर्ट के अनुरूप ही है। कोविंद समिति ने यह रेखांकित किया था और सच भी है कि अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम ऐसे राज्य जहां विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम के चुनाव लोकसभा चुनाव कुछ पहले होते हैं तो लोकसभा चुनाव खत्म होने के छह महीने के भीतर हरियाणा, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में। इसके बाद दिल्ली और फिर बिहार। 15 राज्यों को उनकी विधानसभाओं का कार्यकाल थोड़ा आगे बढ़ाने या पीछे करने से ज्यादा समस्या नहीं होगी। 2010 के बाद राज्यों में स्थिरता आई है किंतु उसके पहले की स्थितियां भी हमारे सामने हैं। केंद्र में भी 1999 से गठबंधन सरकारें भी स्थिर रहीं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 व 2019 में देश ने एक पार्टी को बहुमत दिया। किंतु राजनीतिक स्थिति को देखते हुए वैसी अस्थिरता के खतरे को अभी भी टाला नहीं जा सकता।

दूसरे, हर वर्ष कुछ विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव के कारण राजनीतिक दल जन समर्थन बनाए रखने के लिए आवश्यक देशहित और जनहित के मुद्दों पर चाहते हुए भी एकजुट नहीं होते, अपने मतदाताओं को लुभाने के लिए ऐसे स्टैंड लेते हैं जो जनहित और देश हित के विपरीत भी होता है। इनका दुष्परिणाम पूरे देश को भुगतना पड़ता है। 1967 तक सारे चुनाव एक साथ होते थे। 1967 में आठ राज्यों में विपक्ष की संवित सरकारों के आने, कांग्रेस के अंदर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के विरुद्ध विद्रोह और विभाजन, कांग्रेस द्वारा समय पूर्व प्रदेश सरकारों को भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाने तथा लोकसभा का चुनाव निर्धारित समय से एक वर्ष पहले 1971 में करा लेने से पूरी चुनावी व्यवस्था पटरी से उतर गई। फिर आपातकाल में लोकसभा का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ा दिया गया और 1977 में बनी हजनता पार्टी की सरकार 1980 में गिर गई। उसके बाद केंद्र से लेकर राज्यों तक अलग-अलग समय अस्थिरता का दौर रहा और भारत को जहां होना चाहिए वहां नहीं पहुंच सका, क्योंकि राजनीतिक नेतृत्व की क्षमता देश की चिंता से ज्यादा सरकारों में आने, उसमें बने रहने या बनाए रखने पर केंद्रित हो गया। इससे पूरे देश में ऐसे नेताओं और जनप्रतिनिधियों का आविर्भाव हुआ जिनके उद्देश्य में ही देशहित और जनहित नहीं था। राजनीतिक विकृतियों के कारण असहज और अस्वाभाविकता को ही सहज मान कर बनाए रखना और उसे पटरी पर नहीं लाने का क्या औचित्य है? यह पूरे देश के लिए अहितकर है। इसलिये एक साथ चुनाव का समर्थन करना चाहिए। प्रश्न उठ सकता है कि आखिर इन संशोधनों को मोदी सरकार दोनों सदनों में पारित कैसे कराएगी क्योंकि इसके लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता है? तत्काल इसमें समस्या दिखती है क्योंकि विपक्ष सरकार के साथ हर विषय पर आर-पार के मूड में रहता है। सरकार ने विपक्ष से बात करने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों को विशेष उत्तरदायित्व दिया है और सदन के बाहर नेताओं से वार्ता के साथ संयुक्त संसदीय समिति में भी सहमति बनाने का पूरा प्रयास होगा। राजनीति देशहित और जनहित में ही होनी चाहिए और इसमें यही मूल लक्ष्य निहित है। इसलिए उम्मीद कर सकते हैं कि अंततः दोनों सदनों में इतना समर्थन मिल जाएगा जिससे विधेयक पारित हो जाए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

मुद्दा
प्रवीण दत्त शर्मा



# विकास के लिए जरूरी 'एक देश-एक चुनाव'

संविधान का 129वां संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश हुआ। इस संशोधन में पूरे देश में एक साथ चुनाव करवाने का प्रावधान है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 17 दिसंबर को लोकसभा में 'वन नेशन वन इलेक्शन' बिल पेश किया, जिसे बहुमत से लोकसभा में स्वीकार कर लिया गया। अब यह बिल संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा जाएगा। पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस साल सितंबर में लोकसभाए राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए 'वन नेशन-वन इलेक्शन' के कार्यान्वयन को मंजूरी दी थी। हालांकि देश में एक देश एक चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में मतभेद हैं, जहां भाजपा और सहयोगी दल इसे देशहित का कदम मान रहे हैं, वहीं विपक्षी दल इसके विरोध में हैं। एक देश-एक चुनाव की नीति आज समय की आवश्यकता है। हम देखते हैं कि देश में लगभग हर साल कहीं न कहीं छोटे-बड़े चुनाव होते रहते हैं। इस साल लोकसभा चुनाव के साथ 4 राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए। फिर हरियाणा और जम्मू-कश्मीर चुनाव हुए। लोकसभा के साथ 4 राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा के चुनाव हुए। इसके बाद फरवरी 2025 में दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं। यानी देश में हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। गौरतलब है कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के पहले आम चुनाव वर्ष 1951-52 में एक साथ हुए थे। इसके बाद वर्ष 1957, 1962 और वर्ष 1967 में हुए तीन आम चुनाव भी एक साथ हुए थे। लेकिन यह परंपरा बाधित हुई 1968 और 1969 में। जब कुछ विधान सभाएं समय से पहले भंग हो गई थीं। वर्ष 1970 में लोकसभा को समय से पहले ही भंग कर दिया गया था और वर्ष 1971 में पुनः नए चुनाव हुए थे। आज देश में करीब-करीब हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते रहते हैं। लेकिन बार-बार के चुनाव देश की अर्थव्यवस्था पर कहर बनकर टूटते हैं। अक्टूबर 1979 में लॉ कमीशन ने चुनावी खर्च को लेकर गाइडलाइन जारी की थीं। इस गाइडलाइन के मुताबिक, लोकसभा चुनाव का सारा खर्च केंद्र सरकार उठाती है। इसी तरह विधानसभा चुनाव का खर्च राज्य सरकार के जिम्मे है। अगर लोकसभा चुनाव के साथ-साथ किसी राज्य में विधानसभा चुनाव भी होते हैं, तो उसका आधा-आधा खर्च केंद्र और राज्य सरकार उठाती है। चुनावों में उम्मीदवार तो अपने प्रचार का खर्च खुद उठाता है, लेकिन चुनाव कराने का पूरा खर्च सरकार वहन करती है। इतना ही नहीं, बार-बार चुनाव होने से पुलिस और प्रशासन का कामकाज भी प्रभावित होता है। पुलिस की सारी ऊर्जा सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने में खर्च हो जाती है। बार-बार चुनावों से पूर्व लगने वाली आचार संहिता के कारण प्रशासनिक कामकाज भी ठप होकर रह जाता है। आचार संहिता की वजह से लंबे समय तक आम जनजीवन पर असर डालने वाली कई योजनाएं रुक जाती हैं, उन पर काम नहीं हो पाता। मानव कल्याण की अनेक घोषणाएं न तो हो पाती हैं और न ही पहले से घोषित योजनाओं पर काम हो पाता है। बार-बार चुनाव के कुछ अप्रत्यक्ष नुकसान भी हैं। बार-बार सरकारी कर्मचारियों की चुनावी ड्यूटी लगती है, जिसके कारण उनका मूल काम खासा प्रभावित होता है। चुनावों में सबसे ज्यादा ड्यूटी सरकारी अध्यापकों की लगती है, जिस कारण बच्चों की शिक्षा पर बहुत खराब प्रभाव पड़ता है। इसलिए एक राष्ट्र एक चुनाव आज समय की मांग है। इससे बार-बार होने वाला चुनावी खर्च भी घटेगा और यह पैसा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सृजन आदि पर खर्च हो सकेगा। सरकार की नीतियों का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित होगा और प्रशासनिक मशीनरी भी देश के विकास की दिशा में ज्यादा काम कर सकेगी। वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी कई बार एक देश एक चुनाव की आवश्यकता पर जोर दे चुके हैं। 2019 में प्रधानमंत्री ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए विपक्षी पार्टियों के प्रमुखों की विचार-विमर्श के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। लेकिन अनेक पार्टियों ने इस बैठक में शिरकत नहीं की। लेकिन अब समय आ गया है कि पार्टियां दलगत राजनीति से उठकर, एक-देश एक चुनाव को देश में लागू करने के लिए सर्वसम्मति बनाएं। एक देश, एक चुनाव के मामले को लेकर एक ठोस बहस करने की जरूरत है ताकि बार-बार के चुनावों से होने वाले नुकसान से देश को बचाया जा सके। आशा है आने वाले समय में संसद में इस पर स्वस्थ्य बहस होगी और देश में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था लागू होगी।

(लेखक गांधी स्मृति नई दिल्ली में संपादक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'



संकलित
दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

# जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
प्रेरणा

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी सम्पत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापिस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहाँ तहाँ भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊँची नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वायु प्रदूषण कोरोना से खतरनाक न बन जाए

दिल्ली एक बार फिर से वायु प्रदूषण की चपेट में आ गई है और यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक लगभग 400 के पास या ऊपर भी हो रहा है। यह दिल्लीवासियों की सेहत के लिए बेहद हानिकारक है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कहीं वायु प्रदूषण का खतरा कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक न बन जाए? हालांकि सरकार इससे निपटने के लिए कुछ पाबंदियां लगा रही है। वायु प्रदूषण साल दर साल चुनौती बनता जा रहा है। कुछ समय पहले स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहर हैं। - *सचिन उपाध्याय, रायगढ़*

## ट्रेंड

### वोट बैंक की राजनीति



बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवित रहते हुए कांग्रेस ने उनका घोर अपमान किया, आज कांग्रेस वोटबैंक की राजनीति के लिए उनके नाम पर राजनीतिक रोटियाँ सेंक रही है! देश की जनता जानती है कि कुंठित कांग्रेसी आरंभ से ही अंबेडकर विरोधी रहे हैं इसके प्रमाणों की श्रृंखला है।
-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### बाबा साहेब का सम्मान करें



कांग्रेस व बीजेपी एण्ड कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव ऑम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के जो भी भगवान हैं उनसे पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है।
-मायावती, पूर्व सीएम उप्र

### प्रधानमंत्री का स्पष्टीकरण



प्रधानमंत्री जी, मैं आपका ये स्पष्टीकरण पढ़कर स्तब्ध हूँ। आपका कहना है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ ठीक नहीं किया। तो ये बात आपको, आपकी पार्टी को और आपके गृह मंत्री को बाबा साहेब का अपमान करने का अधिकार कैसे देती है?
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### समृद्ध विरासत




पद्मश्री तुलसी गौड़ा जी अपने पीछे पर्यावरण और हमारे ग्रह की देखभाल और पोषण के अथक और निस्वार्थ कार्य की एक समृद्ध विरासत छोड़ गए हैं।
-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

## करंट अफेयर

# चेन्नई में जन्मीं नील बनी मिस इंडिया यूएसए 2024

चेन्नई में जन्मीं भारतीय अमेरिकी किशोरी कैटलिन सैंड्रा नील ने न्यूजर्सी में आयोजित वार्षिक सौंदर्य प्रतियोगिता 'मिस इंडिया यूएसए' 2024 जीती है। कैटलिन (19) डेविस के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, ' मैं अपने समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ना चाहती हूं और महिला सशक्तीकरण तथा साक्षरता पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं।' कैटलिन का जन्म चेन्नई में हुआ था और वह पिछले 14 वर्षों से अमेरिका में रह रही हैं। वह वेब डिज़ाइनर बनने के अलावा मॉडलिंग तथा एक्टिंग में भी अपना करियर बनाना चाहती हैं। भारत महोत्सव समिति (आईएफसी) द्वारा आयोजित



प्रतियोगिता में इलिनोइस की संस्कृति शर्मा को 'मिसेज इंडिया यूएसए' और वाशिंगटन की अर्शिता कठपालिया को 'मिस टीन इंडिया यूएसए' का खिताब दिया गया। 'मिस इंडिया यूएसए' 2023 रिजुल मैनी और 'मिसेज इंडिया यूएसए' 2023 स्नेहा नांबियार ने क्रमशः कैटलिन सैंड्रा नील और संस्कृति शर्मा को ताज पहनाया। इलिनोइस की निराली देसिया और न्यूजर्सी की मानिनी पटेल को 'मिस इंडिया यूएसए' प्रतियोगिता में प्रथम उपविजेता और द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया।

## ऑफ बीट

# क्या कॉफी नींद की कमी की भरपाई कर सकती है

नींद की अहमियत से इनकार नहीं किया जा सकता। रातभर गहरी नींद लेने के बाद हरेक को अच्छा महसूस होता है और नहीं सोने से शरीर और



दिमाग दोनों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। तो नींद की कमी की भरपाई के लिए क्या किया जा सकता है? या यूं कहें कि आप कम सोकर भी कैसे अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं? पर्याप्त नींद नहीं लेने से दिमाग के काम करने की क्षमता पर असर पड़ता है। वैज्ञानिक कई वर्षों से यह बात जानते हैं कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता कम होती है। हमने कुछ प्रतिभागियों को घर जाकर सोने और कुछ प्रतिभागियों को प्रयोगशाला में पूरी रात जागने को कहा। हमने पाया कि पर्याप्त नींद नहीं लेने से न केवल ध्यान केंद्रित करने में दिक्कत हुई, बल्कि इससे एक निश्चित क्रम में किए जाने वाले कार्यों को करने में (प्लेसकीपिंग) भी अधिक गलतियां हुईं। क्या कॉफी हो सकती है नींद का विकल्प? इसके बाद, हमने नींद की कमी की भरपाई के विभिन्न तरीकों को लेकर परीक्षण किया। यदि आपने पिछली रात पर्याप्त नींद नहीं ली, तो आप क्या करेंगे? कई लोग कॉफी या कोई 'एनर्जी ड्रिंक' (ऊर्जा बढ़ाने वाले पेय पदार्थ) पीना चाहेंगे।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
EECO
MAKES EVERY JOURNEY SPECIAL
FUEL EFFICIENCY#
PETROL 19.71 km/l
CNG 26.78 km/kg
GRAND ARENA MONTH
ESP COMES STANDARD
1.2L ADVANCED K-SERIES DUAL JET, DUAL VVT ENGINE
POWERFUL AIR CONDITIONER WITH HEATER
AVAILABLE IN 5 AND 7 SEATER
11+ SAFETY FEATURES WITH DUAL AIRBAGS
ELECTRONIC STABILITY PROGRAM
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
SPECIAL OFFERS UP TO ₹46 100**
+
SCRAPPAGE BONUS OF ₹25 000^
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.MARUTISUZUKI.COM
**Terms and conditions apply. Creative Visualization. #Fuel efficiency as certified by test agency under Rule 115 CMVR 1989. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be a part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to the Owners Manual. *3 years or 100 000 km whichever is earlier. ^Scrappage bonus available against valid certificate of deposit.
EECO

## जैकेट के शेष

### पढ़ाई का उद्देश्य ...

तो वह अपना मार्ग स्वयं ढूंढ लेंगे। उन्होंने आयोजन के लिए पूरे डीपीएस परिवार को बधाई दी। सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर खेलों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बालक-बालिकाओं ने आकर्षक मार्चपास्ट और देश की एकता को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समारोह को डॉ. हरिओम पवार, डॉ. सुनील जोशी और डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी संबोधित किया। उन्होंने प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डीपीएस मैनेजिंग कमेटी के मेंबर एच बत्रा, सात्विक सिंधु, डीपीएस जुनवानी के प्राचार्य यशपाल शर्मा उपस्थित थे।

### विजेता प्रतिभागियों को मिला...

अरावली हाउस को मार्च पास्ट में सर्वश्रेष्ठ हाउस और खेल स्पर्धाओं में भी समग्र सर्वश्रेष्ठ हाउस चुना गया। समापन समारोह के समापन की घोषणा के साथ स्लो मार्च के बाद स्कूल का झंडा प्रिंसिपल को सौंप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष गगन इंदर सिंह विर्दी, जोहरा हुसैन ने किया। फील्ड डिस्प्ले के स्मार्ट छात्र एंकर शरण्या गुप्ता और अयान जयसवाल थे।

### शाह बोले-सपने में ...

कल से कांग्रेस ने जिस तरह से तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर रखने का प्रयास किया है, वह अत्यंत निंदनीय है। मैं इसकी निंदा करना चाहता हूं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वीर सावरकर का भी अपमान किया और आपातकाल लगाकर संविधान में प्रदत्त मूल्यों पर पानी फेरा। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि शाह ने राज्यसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' विषय पर दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने सत्तय को तोड़मरोड़ कर इसलिए पेश किया क्योंकि भाजपा नेता इस बारे में बोल रहे थे कि कैसे राजग सरकारों ने संविधान को बरकरार रखा और तथ्यों के साथ यह स्थापित कर दिया कि कांग्रेस आंबेडकर विरोधी, संविधान विरोधी और आरक्षण विरोधी है। शाह ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने न्यायपालिका का हमेशा अपमान किया। सेना के शहीदों का अपमान किया और भारत की भूमि तक को संविधान तोड़कर दूसरे देशों को देने की हिमाकत कांग्रेस के शासन में हुई। संवाददाता सम्मेलन में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू सहित कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता उपस्थित थे।

**राज्यसभा में हंगामा, कार्यवाही बाधित** : संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर शाह द्वारा कथित तौर पर की गई एक टिप्पणी को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही बाधित रही। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब सवा दो बजे बैठक को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसी दौरान विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री शाह ने संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया है और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। सभापति ने उन्हें सदन की कार्यवाही चलने देने के लिए कहा। उन्होंने भाजपा के डॉ राधामोहन दास अग्रवाल से शून्यकाल के तहत अपना मुद्दा उठाने के लिए कहा। अग्रवाल ने 'मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव' से संबंधित मुद्दे पर अपनी बात शुरु की। लेकिन विपक्षी सदस्यों ने गृह मंत्री से माफी की मांग को लेकर हंगामा तेज कर दिया। सभापति ने उनसे शांत रहने की अपील करते हुए कहा बाबा साहेब का सम्मान हम सब करते हैं।

**रीजीजू बोले- कांग्रेस ने किया था अपमान** : संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, हमने कल सदन में अच्छी तरह सुना है। गृह मंत्री ने उनके लिए श्रद्धा जाहिर की और सम्मान व्यक्त किया था। उन्होंने बताया था कि कांग्रेस ने बाबा साहेब का किस तरह अपमान किया। रीजीजू ने कहा जब वह जीवित थे, तब उन्हें 1952 में साजिश के तहत कांग्रेस ने चुनाव में हराया।

### महाकुंभ मेले के ....

खबरें प्रसारित कर रहे हैं कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। बयान के मुताबिक, भारतीय रेलवे इन खबरों का स्पष्ट रूप से खंडन करता है, क्योंकि ये पूरी तरह से बेबुनियाद और भ्रामक हैं। इसमें कहा गया है, भारतीय रेलवे के नियमों और विनियमों के तहत वैध टिकट के बिना यात्रा करना पूरी तरह से वर्जित और दंडनीय अपराध है। महाकुंभ मेले या किसी अन्य मौके के दौरान मुफ्त यात्रा का कोई प्रावधान मौजूद नहीं है।

### महाकुंभ के दौरान ....

विशेष यात्री क्षेत्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर और अन्य आवश्यक सुविधाओं की स्थापना सहित पर्याप्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

### शराब, डीएमएफ मामले ....

मैनपुर में कारोबारी इकबाल मेमन तथा गरियाबंद में गुलाम मेमन के यहां दबिश दी। गरियाबंद तथा रायपुर की टीम शाम पांच बजे तक लौट आई थी। मैनपुर में छापे की कार्रवाई करने पहुंची टीम देर शाम लौटी है। सूत्रों के मुताबिक चावल कारोबारी रफीक तथा इकबाल पर कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी करने के आरोप हैं।

**भनक न लगे इसलिए बाइक से पहुंचे** : मौदहापारा में छापे की कार्रवाई की जानकारी किसी को न मिले, इस बात को ध्यान में रखते हुए ईडी की टीम सामान्य वेश-भूषा में रफीक मेमन के घर छापे की कार्रवाई करने पहुंची। सूत्रों के मुताबिक जब टीम रफीक के घर छापे की कार्रवाई करने पहुंची, उस समय उनका पूरा परिवार सो रहा था। ईडी की टीम ने परिवार को सोते से जगाया और अपना परिचय देते हुए पूछताछ करने के साथ सर्च की कार्रवाई की।

**शराब के पैसों को अलग-अलग जगह किया निवेश** : ग्रामीणों की शिकायत के मुताबिक गुलाम ने शराब से प्राप्त काली कमाई से जमीन खरीदने के साथ और अन्य कई संपत्तियां अर्जित की हैं। आरोप है कि गुलाम ने वर्ष 2023 तथा 2024 जनवरी के बीच राइस मिल खोलने जमीन खरीदी की है। छापे की कार्रवाई के बाद ईडी की टीम ने चावल कारोबारियों को पूछताछ करने कार्यालय आने नोटिस जारी किया है।

### ग्रामीणों ने की थी ...

मैनपुर से तीन किलोमीटर दूर करोड़ों रुपए की जमीन खरीदी है। अवैध कमाई से ग्रामीणों ने गुलाम द्वारा मैनपुर में राइस मिल खोलने का आरोप लगाया है।

### डिग्री मामले ...

पत्रकारिता विवि ने उन्हें मार्च माह में आदेश जारी कर पद से हटा दिया था। इसके विरूद्ध उन्होंने कोर्ट में अपील की थी। मामले की सुनवाई होते तक न्यायालय ने उनकी बर्खास्तगी पर स्टे दिया था।

# अब स्कूलों में बिना बिजली के पढ़ाई को मजबूर नहीं हैं छात्र : प्रधान

## कांग्रेस के संप्रग शासन के 53 फीसदी की तुलना में मोदी सरकार में 91.8 फीसदी तक जा पहुंची बिजली की उपलब्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के दस वर्षीय कार्यकाल में देश में लगभग सभी स्कूलों में बिजली की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। जबकि कांग्रेस की अगुवाई वाली पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के शासन में वर्ष 2013-14 में यह आंकड़ा 53 फीसदी पर था। इसके बाद दस साल बीतने पर वर्ष 2023-24 में बढ़कर यह 91.8 फीसदी पर जा पहुंचा है। इसके अलावा स्कूलों के संपूर्ण विकास और छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए केंद्र ने स्कूलों में बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों जैसे पीने का पानी, लड़के-लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय, कंप्यूटर, इंटरनेट, खेल का मैदान, पुस्तकालय, हाथ धोने की सुविधा, रैंप और बरसाती पानी की उपलब्धता को बनाए रखने पर भी काफी तेजी से काम किया है। यह जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पत्रकारों से बातचीत में साझा की।

### स्कूलों में बढ़ी इंटरनेट की पहुंच

बीते एक दशक में जहां स्कूलों में बिजली की पहुंच 53 से बढ़कर 91.8 फीसदी हो गई। वहीं, बच्चों के लिए कंप्यूटर की उपलब्धता 24.1 से बढ़कर 57.2 फीसदी तक जा पहुंची। इंटरनेट 2012-13 के 7.3 फीसदी की तुलना में एक दशक में बढ़कर 53.9 फीसदी तक जा पहुंचा है। स्कूलों में पीने के पानी की मौजूदगी की बात करें तो उससे संबंधित आंकड़ा 83.2 फीसदी के मुकाबले बढ़कर 98.3 हो गया है। इसके अलावा संप्रग सरकार में स्कूलों में बनी हुई 66.9 फीसदी खेलकूद के मैदानों की उपलब्धता अब 82.4 तक जा पहुंची है। स्कूलों में पुस्तकालयों की संख्या 76.4 फीसदी की तुलना में दस साल में बढ़कर 89 फीसदी हो गई है। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में रैंप की उपलब्धता में भी दस साल में काफी सुधार देखने को मिला है। यह आंकड़ा 56.8 से बढ़कर 77.1 हो गया है।

### तेजी से हुआ शौचालय निर्माण

मंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से बीते दस वर्षों में लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालयों की संख्या में भी काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है। वर्ष 2012-13 में लड़कियों के लिए शौचालयों का आंकड़ा 91.2 फीसदी से बढ़कर 2023-24 में 97.2 फीसदी तक और लड़कों के लिए 86.7 फीसदी से बढ़कर 95.7 हो गया है। स्कूलों में छात्रों के लिए हाथ धोने की सुविधा 43.1 से बढ़कर 94.7 फीसदी हो गई। वहीं, स्कूलों में बारिश के पानी की उपलब्धता संप्रग शासनकाल के 4.2 फीसदी के मुकाबले अब तक बढ़कर 28.4 फीसदी पर और स्कूलों में लगने वाली रेलिंग की सुविधा पहले के 4.2 फीसदी की तुलना में बढ़कर 28.4 फीसदी तक जा पहुंची है।

## ट्रंप ने दी भारतीय उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाने की चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अमेरिका के कुछ उत्पादों पर काफी ज्यादा शुल्क लगाता है और उन्होंने एक बार फिर इसके बदले में भारतीय उत्पादों पर इसी तरह ज्यादा शुल्क लगाने की बात कही है। ट्रंप ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, ''आम तौर पर देखा जाता है कि अगर वे हम पर शुल्क लगाते हैं तो हम भी उन पर उतना ही शुल्क लगाते हैं। लगभग सभी मामलों में वे हम पर शुल्क लगा रहे हैं, जबकि हम उन पर शुल्क नहीं लगा रहे हैं।'उन्होंने चीन के साथ संभावित व्यापार समझौते पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा कि भारत और ब्राजील उन देशों में शामिल हैं जो कुछ अमेरिकी उत्पादों पर काफी ज्यादा शुल्क लगाते हैं। ट्रम्प ने मार-ए-लागो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''अगर भारत हमसे 100 प्रतिशत शुल्क लेता है, तो क्या हम उससे बदले में कुछ नहीं लेंगे? आप वाकिफ हैं, वे साइकिल भेजते हैं और हम उन्हें साइकिल भेजते हैं।



## रूस के लिए लड़ रहे 200 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन



यूक्रेन के विरूद्ध रूसी सैन्यबलों के साथ मिलकर लड़ रहे उत्तर कोरिया के करीब 200 सैनिक कुर्स्क सीमावर्ती क्षेत्र में इस युद्ध में मारे गये या घायल हुए हैं। एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया कि कितने लोग मारे गए हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि उत्तर कोरियाई सेना युद्ध में अनुभवी नहीं लगती, जिसके कारण उनके हताहत होने की संख्या में वृद्धि हुई है। वह उत्तर कोरिया के हताहत सैन्यकर्मियों के बारे पहला महत्वपूर्ण अनुमान बता रहे थे। कई सप्ताह पहले यूक्रेन ने यह कहा था कि उत्तर कोरिया ने लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध में मदद के लिए रूस को 10,000 से 12,000 सैनिक भेजे हैं। 'व्हाइट हाउस' और 'पेंटागन' ने सोमवार को पुष्टि की कि उत्तर कोरियाई सेना मुख्य रूप से पैदल सेना के तौर पर अग्रिम मोर्चे पर लड़ रही है। वह रूसी इकाइयों के साथ और कुछ मामलों में कुर्स्क के आसपास स्वतंत्र रूप से लड़ रही है। हताहतों की संख्या का खुलासा ऐसे समय में हुआ है जब बाइडन प्रशासन नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार संभालने से पहले यूक्रेन को यथासंभव सैन्य सहायता भेजने पर जोर दे रहा है। रक्षा विभाग संभवतः 20 जनवरी से पहले यूक्रेन के लिए 5.6 अरब डॉलर के पेंटागन के हथियारों और उपकरणों के बाकी हिस्से को भेजने में सक्षम नहीं होगा, जब ट्रम्प शपथ लेंगे।

■ यूक्रेन के विरुद्ध जंग में लगा बड़ा झटका

## शनिवार से कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** इजरायल और हमास युद्ध की वजह से खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सप्ताह शनिवार से कुवैत की दो दिवसीय (21 से 22 दिसंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इससे दोनों देशों के बहुआयामी संबंधों को और अधिक मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी। बीते चार दशक से अधिक समय के दौरान किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा किया जा रहा कुवैत का यह पहला दौरा होगा। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर पीएम कुवैत जाएंगे। वहां उनकी कुवैत के शीर्ष नेतृत्व के साथ बातचीत होगी। इसके बाद पीएम का भारतीय समुदाय से मुलाकात का कार्यक्रम भी है। मंत्रालय के मुताबिक, भारत और कुवैत आपस में परंपरागत रूप से मित्रतापूर्ण संबंधों को साझा करते हैं।



## पेज एक के शेष

### पुलिस भर्ती में गोलमाल...

कि एक महिला अभ्यर्थी को 20 अंक मिलना दर्ज है। जबकि उन्होंने पाया कि इवेंट के दौरान किसी भी अभ्यर्थी ने 20 अंक हासिल नहीं किए थे। ऐसे में उन्होंने इसकी पड़ताल करने के लिए मैनुअल दर्ज किए गए अंकों के साथ ही सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की। जिसमें अंकों से छेड़छाड़ होने की पुष्टि हुई है। जिसके बाद उन्होंने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

### कांग्रेस में विलय के लिए जोगी...

बहुत सी पार्टियों के लोग भी आ रहे हैं। उनके आवेदनों पर भी चर्चा की जाएगी। यह कमेटी चर्चा करेगी कि किस पर क्यों अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई थी, उनका क्या दोष था, क्या गलतियां थीं। इस तरह के लोगों को पार्टी में वापस लें या नहीं। इस चर्चा के बाद सभी पर फैसला लिया जाएगा। बैज ने यह भी कहा, उन्होंने अलग पार्टी बनाई है। पार्टी आलाकमान फैसला करेगा कि उनकी पार्टी का कांग्रेस में विलय करना है या नहीं। **कांग्रेस से निष्कासित होने के बाद अजीत जोगी ने बनाई थी पार्टी** : उल्लेखनीय है कि कांग्रेस से निष्कासित किए जाने के बाद दिवंगत अजीत जोगी ने पार्टी बनाई थी। छत्तीसगढ़ में तीसरे मोर्चे के रूप में 5 साल पहले दमखम से खड़ी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी पार्टी की कमान वर्तमान में अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी के हाथ में है। साल 2018 में जनता कांग्रेस गठबंधन ने पांच सीटों पर जीत हासिल की थी, जिसमें से चुनाव आते-आते अलग-अलग परिस्थितियों के कारण जोगी कांग्रेस के पास केवल दो ही सीटें बच पाईं। 2023 के चुनाव में जोगी कांग्रेस को एक सीट पर भी जीत नहीं मिली।

### पहले भी किया था कांग्रेस...

प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत को भी पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि जोगी कांग्रेस ने पहले भी कांग्रेस प्रवेश के लिए एआईसीसी से मिलकर प्रयास किया था।

### हमारे परिवार को कांग्रेस से...

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सचिन पायलट और दीपक बैज हमारे अनुरोध पर सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेंगे। हम सभी सदस्यों को, पदाधिकारियों को वापस कांग्रेस पार्टी में लेंगे।

### बाबा गुरु घासीदास के संदेशों...

बाबा गुरु घासीदास मंदिर एवं जैतखाम में पूजा-अर्चना कर राज्य की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लालपुर में बाबा गुरु घासीदास मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति तथा लोरमी में नालंदा परिसर के निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय सहित अतिथियों का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर सतनामी कल्याण समिति के सदस्यों ने गजमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को बाबा गुरु घासीदास की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने ऊंच-नीच, भेद-भाव, छूआछूत का प्रबल विरोध किया, मनखे-मनखे एक समान का उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप 70 लाख से ज्यादा महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू ने बाबा गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लालपुर धाम में हर समाज के लोग आते हैं और श्रद्धा के साथ सिर झुकाते हैं। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, संभागायुक्त महादेव कावरे, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, गणमान्य नागरिक कोमल गिरी गोस्वामी, फणीश्वर पाटले सहित बड़ी संख्या में सतनामी समाज के अनुयायी मौजूद रहे।

### ढूंढ ली कैंसर की वैक्सीन...

के लिए इस्तेमाल की जाएगी। रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के महानिदेशक एंड्री काप्रिन ने इस बात की जानकारी दी। हालांकि अभी इस वैक्सीन को लेकर कई सवाल हैं। मसलन यह किस तरह के कैंसर का इलाज करेगी **और इसका नाम क्या होगा?** : गामालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग ने वैक्सीन को लेकर समाचार एजेंसी तास को जानकारी दी है। इसके मुताबिक वैक्सीन के प्री-क्लीनिकल ट्रायल किया गया है। इस दौरान पता चला है कि यह वैक्सीन ट्यूमर के विकास और संभावित मेटास्टेसिस को दबा देता है। इससे पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि रूसी वैज्ञानिक कैंसर के लिए टीके बनाने के करीब हैं। उन्होंने कहाकि यह वैक्सीन जल्द ही रोगियों के लिए उपलब्ध हो सकती है। हालांकि नई वैक्सीन को लेकर स्पष्ट नहीं है कि यह किस तरह के कैंसर के इलाज में कारगर होगी। इसके अलावा इसका नाम भी अभी तक नहीं बताया गया है। कई अन्य देश भी इसी तरह के प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, ब्रिटिश सरकार ने पर्सनलाइज्ड कैंसर ट्रीटमेंट के लिए जर्मन स्थित बायोएनटेक कंपनी के साथ कांट्रैक्ट साइन किया है।

### वन्यजीवों की खाल, नाखून...

राज्यों के वन्यजीव तस्करों से जुड़े हैं, इस बात की जानकारी लेने की बात कह रहे हैं। पिछले महीने उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में पोटाश बम को चारा समझकर खाने से हाथी शावक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी 15 दिनों तक उपचार के बाद मौत हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम ने डॉग स्क्वाड तथा मुखबिरों की मदद से जंगल में पोटाश बम से वन्यजीवों का शिकार करने वाले शिकारियों के बारे में जानकारी जुटाकर प्रकाश को गिरफ्तार किया।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## बांग्लादेश : उम्रकैद में बदली परेश बरुआ की मौत की सजा

**ढाका।** बांग्लादेश के एक उच्च न्यायालय ने उल्फा नेता परेश बरुआ की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया तथा पूर्वोत्तर भारत में अलगाववादी संगठन को हथियारों की तस्करी के प्रयास के 2004 के एक मामले में एक पूर्व कनिष्ठ मंत्री और पांच अन्य को बरी कर दिया। अप्रैल 2004 में चटगांव के रास्ते उत्तर-पूर्वी भारत में यूनाइटेड उल्फा के ठिकानों तक सुरक्षित तरीके से हथियार पहुंचाने के कुछ ''प्रभावशाली पक्षों'' के कथित प्रयासों के बावजूद कुल 10 ट्रक हथियार जब्त किए गए थे। जब्त हथियारों में 27,000 से अधिक ग्रेनेड, 150 रॉकेट लॉन्चर, 11 लाख से अधिक गोला-बारूद, 1,100 सब मशीन गन और 1.14 करोड़ कारतूस शामिल थे। सरकारी वकील ने बताया कि उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने उल्फा नेता परेश बरुआ की अनुपस्थिति में उसे सुनाई गई मौत की सजा को कम कर आजीवन कारावास में तब्दील कर दिया।

## मनरेगा राशि का सदुपयोग होना चाहिए : शिवराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत के लाखों लोगों के जीवन में स्थिरता व सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन है। कोविड के समय तो मनरेगा गरीबों के लिए वरदान बन गई थी। फैक्टरियां बंद होने से लाखों लोगों को मनरेगा द्वारा आजीविका मिली। मनरेगा में बहुत बड़ी धनराशि केंद्र सरकार देती है, जिसका सदुपयोग होना चाहिए। शिवराज सिंह ने यह विचार केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा बुधवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम को और सुदृढ बनाने के लिए आयोजित "ब्रेनस्टार्मिंग" सत्र में व्यक्त किये। चौहान ने मनरेगा वर्कर्स, सामाजिक संगठनों, लगभग 20 राज्यों के कमिश्नर व अन्य अधिकारियों, जिलों, ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायतों के अधिकारियों के साथ सीधी चर्चा की।


## कार्यालय - कार्यपालन अभियंता ( सं . / सं.) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड पिथौरा

क्र.- 053-4600/ सामा. / 3009 — पिथौरा दिनांक 17/12/2024

**बिजली बंद की सूचना**


समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र झलप से निकलने वाली सभी 33 के.व्ही. फीडरों का लाईन पुर्नव्यवस्थित करने हेतु 33 के.व्ही. फीडरों में नीचे लिखे विवरणानुसार प्रातः 10.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

| क्र. | फीडर का नाम | लाईन बंद रहने का दिनांक | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 33 के.व्ही. झलप | दिनांक 19.12.2024 (गुरूवार) से 21.12.2024 (शनिवार) तक | उपरोक्त सभी 33 के.व्ही. फीडरों से संबंधित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र झलप, पिथौरा, पिथौरा (आईपीडीएस), पोटापारा, खैरखुंटा, छिबर्रा, खुटेरी, कौहाकुड़ा, घोंच, ढांक, बावनकेरा, चिरको, नरतोरा, रायतुम, कोलपदर, पटेवा, बया से निकलने वाली सभी 11 के.व्ही. फीडरों से संबंधित समस्त विद्युतीकृत ग्राम । |
| 2 | 33 के.व्ही. पिथौरा | | |
| 3 | 33 के.व्ही. ढांक | | |
| 4 | 33 के.व्ही. बावनकेरा | | |
| 5 | 33 के.व्ही. तेन्दुकोना (झलप) | | |
| 6 | 33 के.व्ही. नरतोरा | | |
| 7 | 33 के.व्ही. रायतुम | | |

टीपः-
(1) आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है ।
(2) स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं।
(3) विद्युत चोरी दंडनीय अपराध है ।

(बी. दीवान)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि. पिथौरा


## शब्द पहेली - 5720



**बाएँ से दाएँ**
1.बादलों की गड़गड़ाहट-4
3.नीरस, रस विहीन-4
8.नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10.कंठस्थ करना-3
11.जुड़वा-3
13.उक्ति,काव्य कृति-3
15.आने वाला दिन-2
17.पर,पराया,दूसरा-2
18.हाथ-2
19.कविता लिखने वाल-2
21.बजाने वाला-3
25.कक्ष,रूम-3
26.ठिकाना,नीड़-3
27.हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30.अभिप्राय-4
31.आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2.तरुणाई,लड़कपन-3
4.सहायता,आधार-3
5.बीताना,यापन करना-4
6.दिखावा,पाखंड-4
7.जरुरत,स्वार्थ-3
8.राजी करना-3
9.योग्य-3
12.मसलना-3
13.इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14.सुगंध,लास-3
16.रोकड़ राशि-3
20.रुकना, स्थिर होना-3
22.विजय दशमी -4
23.भोर,सवेरा-3
24.सना हुआ,तर-4
25.छल,धोखा-3
28.अनुकृति-3
29.श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 5719 का हल



## सूडोकू नवताल - 5731

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकू नवताल - 5730 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# शाहिद के संग आएंगी नजर


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड के कबीर सिंह यानी शाहिद कपूर अब फिर से फैंस का दिल जीतने आ रहे हैं। निर्देशक विशाल भारद्वाज की अनटाइटल मूवी में वह तृप्ति डिमरी संग नजर आएंगे। डायरेक्टर ने इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर लेटेस्ट अपडेट दिया है। तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर की इस फिल्म का टाइटल अब तक ऐनाउंस नहीं किया गया है। मेकर्स ने रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है। एक्ट्रेस के फैंस इस खबर के सामने आने के बाद से ही काफी एक्साइटेड है। इस फिल्म शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, "#साजिदनाडियाडवाला प्रस्तुत करते हैं @विशालआरभारद्वाज की फिल्म! एक शानदार सिनेमाई यात्रा 6 जनवरी 2025 से शुरू हो रही है। शाहिद कपूर की इस फिल्म में नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। इससे पहले एक रिपोर्ट में बताया गया था कि शाहिद कपूर इस फिल्म में हुसैन उस्तारा से प्रेरित एक डॉन की भूमिका निभाने वाले हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अभिनेता ने फिल्म के एक्शन सीक्वेंस के लिए ट्रेनिंग भी ली है। साथ ही इस बात का भी खुलासा किया गया था कि निर्देशक विशाल भारद्वाज शाहिद को इस किरदार की अहमियत के बारे में काफी कुछ बता रहे हैं। बात अगर फिल्म में तृप्ति डिमरी के किरदार के बारे में बात करते हुए एक सूत्र ने बताया था कि फिल्म में उनका किरदार बदले की भावना में आगे बढ़ता है। सूत्र ने आगे कहा कि उन्होंने भी अपनी व्यक्तिगत तैयारियां शुरू कर दी हैं और जल्द ही शाहिद के साथ उनका शूट भी शुरू होने वाला है। बता दें कि सितंबर में इस अनटाइटल्ड फिल्म की घोषणा के दौरान, विशाल भारद्वाज ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक संदेश साझा किया।



# 'द रोशन्स' 17 जनवरी को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन शानदार एक्टर हैं। उनके पिता राकेश रोशन प्रोड्यूसर, डायरेक्टर, स्क्रीनराइटर और एक्टर हैं। चाचा राजेश रोशन म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर हैं। ऋतिक के दादा रोशन लाल नागरथ भी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थे। वो म्यूजिक डायरेक्टर थे। तीन पीढ़ियों ने बॉलीवुड में किस तरह से राज किया, इसका खुलासा 'द रोशन्स' डॉक्युमेंट्री में होने जा रहा है। आप इस शो को नए साल पर ओटीटी पर देख सकते हैं। ये नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इसे 17 जनवरी 2025 को स्ट्रीम किया जाएगा। नेटफ्लिक्स की तरफ से डॉक्युमेंट्री सीरीज का नया पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा है, 'लाइट्स, कैमरा, परिवार! संगीत, फिल्मों और विरासत को परिभाषित करने वाले बंधन के माध्यम से 'रोशन्स' की दुनिया में एंट्री करें। 'द रोशन्स' देखें।'



# 21 से शुरू होगा 'सीआईडी'का दूसरा सीजन

**नई दिल्ली।** जनवरी 1998 में शुरू हुआ टीवी शो 'सीआईडी'छह साल के ब्रेक के बाद वापसी कर रहा है। दूसरा सीजन 21 दिसंबर से शुरू होगा। कोविड के बाद से मनोरंजन जगत में काफी कुछ बदल गया है, ओटीटी का कंटेंट लोग देख चुके हैं। साथ ही अब जमाना भी काफी बदल गया है, नई जनरेशन के हिसाब से भी कंटेंट बनाना होता है। इन्हीं सब बातों का ध्यान इस बार हमारे शो में रखा गया है। हमारी कोशिश और मकसद एक ही है, दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करना। साथ ही हमारे शो 'सीआईडी' की खासियत रही है कि इसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देखता है, इस बात का ध्यान इस बार भी रखा गया है। नई पीढ़ी के लिए भी शो में कुछ चीजों को शामिल किया है, इस बारे में शो देखने पर आपको पता चल जाएगा। लोग सोचते हैं कि हम सच में ही पुलिस डिपार्टमेंट में काम करते हैं। एक बार की बात है, मैं दिल्ली एयरपोर्ट पर था। एक महिला का पर्स खो गया। उसने देखा कि मैं भी एयरपोर्ट पर हूं तो वह मेरे पास आकर बोली की पर्स खो गया है, प्लीज मदद कर दीजिए। मैंने समझाया कि मैं असल पुलिस वाला या सीआईडी वाला नहीं हूं लेकिन वह महिला नहीं मानी और मेरे पीछे ही पड़ गई। आखिर में मैंने कहा कि एयरपोर्ट पर सीसीटीवी लगे हैं, आप वो चेक करवाइए, आपका पर्स मिल जाएगा। इस तरह की चीजें हमारी पूरी टीम के साथ ही अक्सर होती हैं।






# आशा भोसले के साथ प्रस्तुति देंगे सोनू

**मुंबई।** साल 2024 की विदाई और नए साल यानी 2025 के स्वागत का लम्हा दुबई वालों के लिए खास होने वाला है। भारतीय संगीत जगत की दो लोकप्रिय हस्तियां एक साथ प्रस्तुति जो देने वाली हैं। जी हां, आशा भोसले और सोनू निगम दुबई में पहली बार साथ में मंच पर परफॉर्म करेंगे। यह ऐतिहासिक पल वाकई खास होने वाला है, क्योंकि दुबई में दोनों गायक पहली बार साथ परफॉर्म कर रहे हैं। कॉन्सर्ट का आयोजन 29 दिसंबर, 2024 को दुबई के कोका-कोला एरिना में होगा। इस लाइव कॉन्सर्ट 2024 की विदाई और 2025 के स्वागत का गवाह बनेगा। इसमें दशकों के संगीत और यादों को पिरोया जाएगा। कुल मिलाकर 29 दिसंबर की रात दुबई वालों के लिए बेहद खास होने वाली है। कॉन्सर्ट के टिकट कोका-कोला-एरिना और प्लेटिनमलिस्ट पर उपलब्ध हैं।

# मां बनने के कारण किया मुश्किलों का सामना...

**नई दिल्ली।** नवंबर माह में ही अभिनेत्री राधिका आप्टे एक बेटी की मां बनी हैं। इस खुशी को उन्होंने अपने फैंस के साथ भी साझा किया था। हाल ही में राधिका ने अपनी प्रेग्नेंसी और उसके बाद में फेज के बारे में बात की है। हाल ही में राधिका आप्टे ने एक फोटोशूट करवाया, जो उनके मदरहुड फेज को दिखाता है। राधिका आप्टे ने एक इंटरव्यू भी दिया, जिसमें अपनी बेटी के जन्म की खुशी को दोबारा साझा किया। साथ ही राधिका ने बताया कि प्रेग्नेंसी के दौरान और बाद में उनको कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। राधिका हालिया दिए गए एक इंटरव्यू में बताती हैं कि पति बेनेडिक्ट टेलर (संगीतकार) और वह बच्ची के जन्म से काफी खुश हैं। साथ ही वह बताती हैं कैसे प्रेग्नेंसी के दौरान उनकी नींद पर असर हुआ। साथ ही उनकी बॉडी भी सूज गई थी।



# अमेरिकी नौसेना का मिला सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**लॉस एंजिल्स।** हलीवुड स्टार टॉम क्रूज अपनी एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। ऊपर से वो खतरनाक के खतरनाक स्टंट सीन खुद ही करते हैं। ऐसे स्टंट सीन, जिन्हें देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएं। खैर। टॉम क्रूज को अमेरिकी नौसेना के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से नवाजा गया है। वैराइटी के अनुसार, सोमवार को लंदन में एक इवेंट हुआ। यहां टॉम क्रूज को 'टॉप गन', 'बॉर्न ऑन द फोर्थ ऑफ जुलाई', 'ए फ्यू गुड मैन' और 'मिशन इम्पॉसिबल' फ्रेंचाइजी में उनके काम के जरिए 'नौसेना और मरीन क्रॉप्स में उनके शादार योगदान' के लिए नौसेना के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया। यूएस नेवी के सचिव कार्लोस डेल टोरो ने टॉम को पदक दिया। एक बयान में नौसेना ने कहा कि टॉम क्रूज ने अपनी फिल्मों में उच्च प्रशिक्षित कर्मियों और वर्दी में रहते हुए उनके द्वारा किए गए बलिदानों के लिए पब्लिकली जागरुकता और सराहना बढ़ाई है।




# अपनी वित्तीय जिम्मेदारी निभाएं

वर्ष समाप्त होने से पहले निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए अपना आयकर रिटर्न (ITR) दाखिल करें



जल्दी करें! तुरंत ई-फाइल करें!

निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि

31 दिसंबर 2024

**विलंबित रिटर्न**

यदि निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए ITR अभी तक नहीं भरी गई है, तो विलंबित रिटर्न 31 दिसंबर 2024 तक लेट फीस के साथ भरी जा सकती है।

**संशोधित रिटर्न**

यदि निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए मूल ITR नियत तारीख से पहले भरी गई है और उसमें कोई त्रुटि हो गयी है या गलत विवरण दर्ज हो गया है, तो संशोधित ITR 31 दिसंबर 2024 तक बिना किसी लेट फीस के भरी जा सकती है।

आयकर विभाग
आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

CBC 15401/13/0010/2425

आयकर रिटर्न www.incometax.gov.in पर जाकर दाखिल किया जा सकता है

@IncomeTaxIndia IncomeTaxIndia.Official @IncomeTaxIndiaOfficial @IncomeTaxIndiaOfficial IncomeTaxIndia.gov.in


## टीवी मसाला



# केबीसी में अमिताभ बच्चन ने गिनाई भारत की खूबियां

**नई दिल्ली।** भारत का नागरिक होने पर अमिताभ बच्चन को गर्व है। केबीसी 16 के हालिया एपिसोड में बिग बी ने ये बात साझा की है। अभिनेता अमिताभ बच्चन अक्सर शो में अपने मन की बात करते रहते हैं। अब उन्होंने अपने भारतीय होने पर गर्व होने की बात की है। केबीसी के हालिया प्रोमो में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'लोग हमको कहते हैं भारत दबा हुआ देश है, ये है वो हो हमको कोई भी ऐसा देश दिखाओ, जो स्वाधीन नहीं था और 100 साल के अंदर उसने इतनी प्रगति की है। 100 साल में कोई इस स्तर में पहुंचा जिसके पास इकोनॉमिक पावर हो। हम लोग इतनी जल्दी अपने बल पर पहुंचे हैं। है कि नहीं।' इसके साथ ही बिग बी ने शो में अपनी ही फिल्म का डायलॉग बोला, आज खुश तो बहुत होगे तुम। जो कभी तुम्हारे मंदिर की सीढ़ियां नहीं चढ़ा, जिसने आज तक कभी तुम्हारे सामने हाथ नहीं जोड़ा, वो आज तुम्हारे सामने खड़ा है, आज खुश तो बहुत होगे तुम। अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किया जाने वाला यह शो अपने 15 सफल सीजन बिता चुका है। 'केबीसी 16' का प्रीमियर 12 अगस्त को हुआ और तब से यह दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। यह शो सोनी टीवी पर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे प्रसारित होता है।


कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई-बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री






# फसल बीमा कराओ सुरक्षा कवच पाओ

## सभी किसान भाई-बहनों को भी बताओ

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की उपलब्धियां

- 19.67 करोड़ किसान भाई-बहनों को अब तक मिला फसल बीमा का लाभ
- ₹1.65 लाख करोड़ के दावों का भुगतान किसानों को किया
- 70 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त

देशव्यापी हेल्पलाइन 14447

पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2024

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार AIC Chola MS Future Generali HDFC ERGO ICICI Lombard Kshema Oriental Insurance Reliance General Insurance SBI general Universal Sompo General Insurance

अपनी फसलों को आज ही बीमित करने के लिए संपर्क करें

जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY


योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें



निरोगी जीवन
शिखर चंद जैन

यह जरूरी नहीं कि ध्यान करने के लिए कोई एक निश्चित शारीरिक स्थिति या विधि ही प्रभावी होती है। इसके कई प्रकार दुनिया भर में प्रचलित हैं। आप इनमें से किसी को भी चुन सकते हैं। लेकिन ध्यान करते समय कुछ सावधानियां भी जरूर बरतें।

# अत्यंत लाभकारी है ध्यान का हर स्वरूप



अकसर ध्यान के प्रति आम धारणा यही होती है कि यह एक तरह का आसन होता है, जिसमें आंख मूंदकर पद्मासन में बैठ जाते हैं या फिर डीप ब्रीदिंग करते हैं। वास्तव में ध्यान के कई प्रकार होते हैं, जिनमें से कुछ को विभिन्न आवश्यकताओं के अनुसार डिजाइन और डेवलप किया गया है। यहां आपको बता रहे हैं मेडिटेशन के कुछ अलग-अलग स्वरूपों के बारे में।

**ताई ची मेडिटेशन:** इस प्रकार के ध्यान को मेडिटेशन इन मोशन भी कहते हैं। यह एक आसान मेडिटेशन है, जिसे कोई भी, कहीं भी कर सकता है। इसे मूल रूप से एक मार्शल आर्ट के रूप में विकसित किया गया था। लेकिन अब यह तनाव को कम करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने वाली ध्यान तकनीक है। खड़े होकर ताइची का अभ्यास करना हो तो पैरों को कंधे की चौड़ाई तक फैलाकर खड़े हो जाएं। पैर के अंगूठे सीधे सामने की ओर होने चाहिए और घुटने थोड़े मुड़े हुए होने चाहिए। कूल्हों को आगे की ओर ले जाते हुए कंधों को नीचे और आराम से रखें और सिर ऊपर उठाकर नाक से गहरी सांस लें। आंखें बंद करके या थोड़ी देर खुली रखकर इसे जारी रख सकते हैं।



**नोटिंग मेडिटेशन:** हमारे विचलित मन को नियंत्रित करने में कौन सी चीज मददगार है? इन्हें पहचान कर नोट करना और अपनी सर्वोत्तम क्षमता के साथ उनका उपयोग करना ही नोटिंग मेडिटेशन है। बस यही प्रैक्टिस करनी है कि जो हो रहा है, उसे होने दें और अपना मेडिटेशन जारी रखें। दिमाग को इतना संयत कर लेना मन की शांति के लिए काफी है। इसी तरह मन को विचलन से दूर ले जाने के लिए दूसरी चीजों पर फोकस करके उसे शांत करना भी इस तरह के मेडिटेशन का एक हिस्सा है।

**मंत्र मेडिटेशन:** मंत्र मेडिटेशन बहुत प्राचीन ध्यान विधि है। इसमें किसी ध्वनि की बारंबार पुनरावृत्ति से मन को शांत और केंद्रित किया जाता है। यह कोई शब्द, वाक्यांश या ध्वनि भी हो सकती है। जैसे 'ओम' अत्यंत प्रभावकारी मंत्र है। जब आप अपनी संपूर्ण मानसिक ऊर्जा इसके उच्चारण में लगाकर पूरी तरह इसमें लीन हो जाते हैं तो मन मस्तिष्क और हृदय की गहराई तक सकारात्मक कंपन महसूस करते हैं। पद्मासन या सुखासन में बैठकर मंत्रोच्चार करने से मन को शांति, सुकून और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

**चीगोंग मेडिटेशन:** यह एक चीनी माइंडफुल तकनीक है, जो ब्रीदिंग अवेयरनेस से जुड़ी हुई है। यह कुछ-कुछ ताई ची जैसी है। इस प्रकार के ध्यान से ची नामक ऊर्जा का प्रवाह होता है। यह जीवन ऊर्जा के दोहन और संवर्धन पर केंद्रित मेडिटेशन है। इससे पर्यावरण के साथ संबंध गहरे होते हैं, भावनात्मक संतुलन बनता है, रक्तचाप दुरुस्त रहता है। इसमें सांस लेने पर ध्यान केंद्रित करते हुए मन को ध्यान की स्थिति में रखते हैं।

**चक्र ध्यान:** यह एक अधिक गूढ़ प्रकार का माइंडफुलनेस अभ्यास है, जो हमारे शरीर में ऊर्जा केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करता है। इन ऊर्जा केंद्रों को चक्र के रूप में जाना जाता है। माना जाता है कि रीढ़ की हड्डी के आधार से लेकर सिर के शीर्ष तक रीढ़ की हड्डी के साथ 7 चक्र स्थित होते हैं। इन चक्रों को हमारे शारीरिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। चक्रों की रीढ़ के साथ स्थित ऊर्जा के घूमते हुए पहियों के रूप में कल्पना की जाती है। माना जाता है कि ये चक्र हमारे जीवन के विभिन्न शारीरिक और भावनात्मक पहलुओं को नियंत्रित करते हैं, जो बुनियादी अस्तित्व की प्रवृत्ति से लेकर आध्यात्मिक रूप से जुड़ने की हमारी क्षमता तक सब कुछ प्रभावित करते हैं। इन चक्रों को सक्रिय और संतुलित करने से पूरे शरीर में ऊर्जा का प्रवाह बेहतर हो सकता है। ये हमारे शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चक्र ध्यान का उद्देश्य इन ऊर्जा केंद्रों के भीतर संतुलन और सामंजस्य को बढ़ावा देना है, जो सकारात्मकता बढ़ाता है, तनाव को कम करता है और हमें आंतरिक शांति प्रदान करता है।

**बॉडी स्कैन मेडिटेशन:** शरीर और मन के बीच संतुलन बिठाते हुए तनाव कम करने के लिए यह एक बेहतरीन मेडिटेशन है। इसे करने में आपको नई ऊर्जा महसूस होगी, एकाग्रता बढ़ेगी, मांसपेशियों को आराम मिलेगा और मन शांत होगा। किसी उद्यान या शांत जगह पर लेट जाएं शरीर को ढीला छोड़कर आंखें मूंद लें। अपने पैर की अंगुलियों से शुरुआत करते हुए सिर तक के शरीर के हर अंग पर ध्यान दें।

**दृश्य ध्यान:** विजुअलाइजेशन मेडिटेशन एक तकनीक है, जो सकारात्मक दृश्यों, छवियों या आकृतियों की कल्पना करके विश्राम, शांति और स्थिरता की भावनाओं को बढ़ाने पर केंद्रित है। इसमें किसी प्रिय या सम्मानित व्यक्ति को ध्यान में रखकर उनके गुणों को मूर्त रूप देने का इरादा भी शामिल हो सकता है। विजुअलाइजेशन ध्यान के दूसरे रूप में स्वयं को विशिष्ट लक्ष्यों में सफल होते हुए कल्पना करना शामिल है, जिसका उद्देश्य एकाग्रता और प्रेरणा को बढ़ाना है। *

### ये सावधानियां बरतना भी है जरूरी

- अपने लिए ध्यान के प्रकार का चयन और उसका अभ्यास शुरू करने के लिए किसी अनुभवी योगाचार्य से इसे सीख लें।
- कभी भी श्वास रोकने के लिए लंबे समय तक नाक को दबाकर रखने की गलती ना करें। इससे दम घुट सकता है और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।
- कॉफी, शराब, तंबाकू या किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन ध्यान में व्यवधान पैदा कर सकता है।
- मेडिटेशन किसी भी बीमारी में चिकित्सा का विकल्प नहीं है। इसे आप पूरक या सहायक थेरेपी के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।
- किसी भी प्रकार की गंभीर बीमारी में चिकित्सक से सलाह लेकर ही ध्यान योग या प्राणायाम जैसी क्रियाओं का अभ्यास करें।
- ध्यान के लिए हमेशा शांत स्थान का चयन करें।

ध्यान एक बहुत सरल-सहज प्रक्रिया है, लेकिन हमारे तन को स्वस्थ और मन को ऊर्जावान बनाए रखने में यह बहुत प्रभावी है। इससे जहां कई शारीरिक रोगों के प्रभाव को रोकने में मदद मिलती है, वहीं तनाव और अवसाद से मुक्ति दिलाने में भी यह बहुत कारगर है। **विश्व ध्यान दिवस, 21 दिसंबर** के अवसर पर ध्यान के नियमित अभ्यास से होने वाले तमाम तरह के फायदों के बारे में यहां विस्तार से आपको बता रहे हैं।

# नियमित ध्यान से पाएं स्वस्थ तन-ऊर्जावान मन



आदिकाल से हमारे ऋषि-मुनि, आयुर्वेदाचार्य और योगी अपने चित्त को स्थिर, शांत रखने और एकाग्रता के लिए ध्यान की प्रक्रिया का नियमित अभ्यास करते रहे हैं। इसे आध्यात्मिक उद्देश्यों से लेकर शरीर के आंतरिक अंगों की कार्य प्रणाली को सक्रिय-सुचारु रखने के लिए और मस्तिष्क को नियंत्रित रखने के लिए भी अपनाया जाता रहा है। ध्यान एक सर्वस्वीकार्य प्रक्रिया है, जिसे दुनिया की विभिन्न संस्कृतियों और विभिन्न धर्मावलंबियों ने अपनाया है। हजारों वर्षों से इसका सफल प्रयोग किया जा रहा है। इसके अनेक फायदे हैं, जिसे महसूस करने के लिए आपको स्वयं ध्यान का अभ्यास करना होगा।

## तनाव से मिले मुक्ति

योगी, मुनि और प्राचीन चिकित्साशास्त्री ही नहीं आधुनिक युग के मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विशेषज्ञ भी तनाव मुक्ति के लिए ध्यान के महत्व को खुले दिल से स्वीकार करते हैं। दुनिया भर में हुए कई अलग-अलग अनुसंधानों के नतीजे बताते हैं कि नियमित मेडिटेशन करने से एंजायटी, स्ट्रेस और डिप्रेशन से काफी हद तक मुक्ति मिलती है। यह जॉब रिलेटेड एंजायटी, बैड रिलेशनशिप से उत्पन्न स्ट्रेस और दुर्व्यवहार या अन्य कारणों से उत्पन्न अवसाद को भी कम करने में सक्षम है।

## कई बीमारियों में दिलाए राहत

कई ऐसी बीमारियां हैं, जो हमारी दिमागी उथल-पुथल, तनाव और चिंता के कारण उग्र रूप धारण कर लेती हैं।



ऐसे में ध्यान का अनुशासनपूर्वक नियमित अभ्यास इन बीमारियों से राहत दिलाता है। उच्च रक्तचाप, इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम, पाचन संबंधी विकार, पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर और फाइब्रॉमायल्जिया जैसी बीमारियों में भी मरीज को रेग्युलर मेडिटेशन से आराम मिलता है।

## विकसित होती है सकारात्मकता

कुछ विशेष प्रकार के मेडिटेशन हमारी सेल्फ इमेज को इंप्रूव करने में मददगार होते हैं। इनका अभ्यास करने पर हमें जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में



मदद मिलती है। अध्ययन में पता चला है कि मेडिटेशन का अभ्यास करने वाले लोगों में अपनी बॉडी इमेज के प्रति किसी प्रकार की हीन भावना नहीं रहती। ये जटिल परिस्थितियों में भी अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित रखने में सक्षम होते हैं।

## बढ़ती है आत्म जागरूकता

ध्यान के अभ्यास से स्वयं के प्रति, आस-पास के माहौल के प्रति और परिस्थितियों के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ती है। सेल्फ इंक्वायरी मेडिटेशन में व्यक्ति आत्मसाक्षात्कार का ही अभ्यास करता है। इसमें व्यक्ति में यह समझ विकसित होती है कि आप अपने आस-पास के लोगों, चीजों और स्थितियों से खुद को कैसे रिलेट करते हैं? 2019 में 153 लोगों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन एप का दो हफ्ते तक प्रयोग करने के बाद लोगों में अकेलेपन की फीलिंग्स घटी और सोशल इंटरेक्शन की भावना में इजाफा हुआ।

## प्रखर होती है स्मरण क्षमता

नियमित ध्यान करने वाले लोगों की याददाश्त दूसरे लोगों की तुलना में अच्छी होती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि मन को शांत रखने पर एकाग्रचित होने में मदद मिलती है। नतीजतन ऐसे व्यक्तियों की मेमोरी स्ट्रॉन्ग होती है और ये बहुत जल्दी पढ़ी, सुनी या देखी हुई चीजों को याद कर लेते हैं। साथ ही इन्हें लंबे समय तक याद रख पाते हैं। इतना ही नहीं उम्र संबंधी मेमोरी लॉस और डिमेंशिया से लड़ने में भी ध्यान से मदद मिलती है।

## बढ़ती है इच्छा शक्ति

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध में पता चला है कि आत्मनियंत्रण और इच्छाशक्ति बढ़ाने में मेडिटेशन की भूमिका बेहद प्रभावशाली होती है। मनोवैज्ञानिक केली मेकगोनिकल कहती हैं, प्रतिदिन कुछ मिनट के माइंडफुलनेस मेडिटेशन से ब्रेन के उन हिस्सों में ग्रे मैटर का निर्माण करके विल पावर बढ़ाया जा सकता है, जो इमोशंस को कंट्रोल करते हैं। कहने का सार है कि नियमित ध्यान करने से तन-मन ही नहीं पूरे जीवन में सुधार होता है। *

### ये भी होते हैं फायदे



- मेटा मेडिटेशन (लविंग काइंडनेस) के अभ्यास से हमारा दिमाग दयालुता संबंधी विचार उत्पन्न करता है। हम क्षमाशील और परोपकारी स्वभाव के बनते हैं।
- नशा मुक्ति के मामले में मेडिटेशन के प्रयोग के आश्चर्यजनक सकारात्मक प्रभाव देखे गए हैं।
- अनिद्रा के शिकार लोगों ने ध्यान का प्रयोग करके इस समस्या से मुक्ति पाई है। अनेक अध्ययनों में इसके पर्याप्त प्रमाण मिले हैं।
- दर्द नियंत्रित करने के लिए दुनिया में कई सर्जन और पेन मैनेजमेंट एक्सपर्ट मेडिटेशन और संगीत का सफल प्रयोग कर चुके हैं। क्रॉनिक पेन के मामलों में भी इसका अद्भुत फायदा देखने को मिला है।

**(वेद योगशाला, लेकटाउन, कोलकाता की योग प्रशिक्षिका युविका धर से बातचीत पर आधारित)**

हेल्थ स्टडी

# एक्सरसाइज से बुजुर्गों की मेमोरी में होता है सुधार



हालांकि व्यायाम करने के कई दूरगामी स्वास्थ्य संबंधी फायदे होते हैं। लेकिन एक नई स्टडी में यह बात भी सामने आई है कि तेज चलना, डांस करना या सीढ़ियों पर चढ़ने जैसे व्यायाम आपकी याददाश्त यानी मेमोरी को बेहतर करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। इस एक्टिविटी का लाभ एक दिन तक बना रह सकता है। पिछले शोधों में यह बात सामने आई थी कि व्यायाम करने के कुछ घंटों में लोगों की याददाश्त में सुधार हो सकता है। लेकिन इसका लाभ कितने समय तक बना रह सकता है, इस बात का खुलासा नहीं किया गया था। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन यानी यूसीएल के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए नए अध्ययन से पता चला है कि 50 से 83 वर्ष की आयु के लोग जितना अधिक (मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि, जो हृदय गति बढ़ा सकती है) करेंगे, अगले दिन तक उनकी याददाश्त उतनी ही बेहतर रहेगी। कम समय तक बैठे रहना और 6 घंटे या उससे अधिक सोना भी अगले दिन किए गए मेमोरी टेस्ट में बेहतर स्कोर देता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बिहेवियरल न्यूट्रिशन एंड फिजिकल एक्टिविटी में प्रकाशित स्टडी के अनुसार शारीरिक गतिविधि के टेंपरेरी मेमोरी लाभ पहले की तुलना में अधिक समय तक रह सकते हैं। यूसीएल में महामारी विज्ञान और स्वास्थ्य देखभाल संस्थान की प्रमुख लेखिका डॉ. मिकाएला ब्लूमबर्ग ने इस बारे में बताया कि इसके लाभ व्यायाम के कुछ घंटों बाद तक ही नहीं अगले दिन तक बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक नींद लेना भी, विशेष रूप से गहरी नींद, इस स्मृति सुधार में योगदान देती है। यह स्थिति बुजुर्गों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकती है। बुजुर्गों की याददाश्त में सुधार आ सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि अल्पावधि में व्यायाम करने से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह बढ़ता है। यह नोरएपिनेफ्रीन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर के स्राव को उत्तेजित करता है, जो मेमोरी इंप्रूव करने में मदद करते हैं। पहले यह माना जाता था कि व्यायाम के कुछ घंटों तक ही उसका लाभ मिल पाता है। लेकिन अब नए शोध में पाया गया कि व्यायाम से जुड़ी अन्य मस्तिष्क स्थितियां अधिक लंबे समय तक चलती हैं। साक्ष्य यह भी बताते हैं कि व्यायाम करना 72 घंटे तक मूड को बेहतर बना सकता है। *


**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब ब्लड प्रेशर में होता हो फ्लक्चुएशन



**मेरी उम्र 39 वर्ष है। मेरा बीपी कभी लो हो जाता है, कभी हाई हो जाता है। मुझे समझ में नहीं आता कि मैं किसकी दवा खाऊं? कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए ताकि बीपी नॉर्मल रहे?**

**-प्रमोद, जबलपुर**

इस तरह का ब्लड प्रेशर ज्यादा खतरनाक होता है क्योंकि अचानक ब्लड प्रेशर में फ्लक्चुएशन आता रहता है। इसके उपचार के लिए आपको हार्ट विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। वे आपके ब्लड प्रेशर की रेग्युलर जांच करवाएंगे। इससे पता चलेगा कि किस समय ब्लड प्रेशर कम होता है और कब ज्यादा होता है? उसी के अनुसार दवा दी जाएगी।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। सर्दी के मौसम में मेरे जोड़ों का दर्द बहुत बढ़ जाता है। हालांकि दवा मैं रेग्युलर खाता हूं। प्लीज बताएं दर्द से राहत के लिए क्या करना चाहिए?**

**-चमन लाल, अंबाला**

सर्दियों का मौसम हड्डी रोग से पीड़ित लोगों के लिए तकलीफदेह होता है। इस मौसम में दर्द बढ़ जाता है। इससे बचने का तरीका यह है कि आप एक्सपोजर कम से कम करें। अगर आप घर से बाहर निकल रहे हैं तो पूरी तरह से कवर करने वाले वुलेन क्लॉथ पहनकर निकलें। और नहाने के लिए ठंडा पानी इस्तेमाल ना करें। खान-पान पर भी ध्यान दें, न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। ठंड के मौसम में मेरे होंठ बहुत ज्यादा फटने लगते हैं। कई बार तो होंठों से ब्लड भी आने लगता है। पेट्रोलियम जेली या लिप बाम जैसे प्रोडक्ट्स का भी कुछ खास असर नहीं होता। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिनव, जांजगीर चांपा**

सर्दी के मौसम में इस तरह की समस्याएं काफी लोगों में देखी जाती है, इसकी मुख्य वजह ठंडी हवा है। जब ठंडी हवा चलती है तो होंठ फटने लगते हैं। इसलिए घर से बाहर निकलने से पहले होंठों पर क्रीम जरूर लगाएं। अगर आपको साधारण क्रीम से आराम नहीं मिल रहा है तो एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह क्रीम बताएंगे, जिससे आपको आराम मिल जाएगा।

**मेरी उम्र 41 वर्ष है और वेट 51 किलोग्राम। मैं 8-9 केजी वेट गेन करना चाहता हूं। इसके लिए मुझे अपनी डाइट में क्या शामिल करना चाहिए?**

**-आशीष, भिलाई**

आपने अपना वजन तो बताया है लेकिन हाइट नहीं बताई। यह जानना इसलिए जरूरी है क्योंकि हर व्यक्ति का अलग बीएमआई होता है। आप पहले अपना बीएमआई चेक करवाएं। कई लोगों का वजन बीएमआई के अनुसार ठीक होता है लेकिन देखने में वजन कम लगता है। इसके साथ ही आप अपनी डेली डाइट में प्रोटीन रिच फूड्स अधिक खाएं। बेहतर होगा कि एक बार आप डायटिशियन से संपर्क कर लें। वह आपको एक निश्चित डाइट बता देंगे, जिसके अनुसार आप वेट गेन कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 57 वर्ष है। मेरे ब्लड में क्रिएटिनिन की मात्रा थोड़ी अधिक है। क्या मुझे प्रोटीन बिल्कुल नहीं खाना चाहिए या मिल्क प्रोडक्ट्स और अंडे खा सकता हूं? डाइट में मैं क्या शामिल कर सकता हूं?**

**-जगदीप, कोंडागांव**

आपको प्रोटीन वाली चीजें नहीं खानी चाहिए। अंगूर, स्ट्रॉबेरी, चेरी, कीवी, पपीता, अनानास, अनार, सेब जैसे फल एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिंस से भरपूर होते हैं। इसके अलावा साबुत अनाज जौ, बाजरा, और भूरे चावल फाइबर, विटामिन से भरपूर होते हैं। इनका सेवन आपको नियमित रूप में करना चाहिए। बेहतर होगा एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर अपना डाइट प्लान बनवा लें। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

प्रिकॉशन
रेखा देशराज

बीते कुछ दिनों से सर्दी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कई रोगों के होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इस मौसम में बढ़ने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और उनसे बचे रहने के लिए सावधानियों के बारे में आपको जरूर पता होना चाहिए।

# अब बढ़ रही है ठंड बरतें पूरी सावधानी



हल्की ठंड तो सभी को अच्छी लगती है, लेकिन जब ठंड का प्रकोप बढ़ता है तो इससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका भी बढ़ जाती है। इसलिए सर्दी बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। आइए जानते हैं कि सर्दियों में किस तरह की समस्याएं बढ़ सकती हैं और इनसे बचने के लिए कैसी सावधानी बरत सकते हैं।

**सर्दी-जुकाम-फ्लू:** जैसे-जैसे ठंड बढ़ने लगती है, ज्यादातर लोगों को सर्दी, जुकाम और फ्लू की समस्या घेर लेती है। ये भले ही बहुत खतरनाक रोग ना हों, लेकिन ये स्वास्थ्य समस्याएं हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देती हैं और यह तब गंभीर रूप धारण कर लेती हैं, जब ध्यान ना देने पर ब्रोंकाइटिस या निमोनिया जैसी समस्या में बदल जाती हैं। इसलिए जैसे ही सर्दी का प्रभाव बढ़ने लगे सावधान रहें। अच्छी तरह से गर्म कपड़े पहनना शुरू कर दें ताकि इन बीमारियों से बचे रहें।

**हृदय संबंधी समस्याएं:** सर्दी बढ़ने के साथ ही शरीर की रक्तवाहिकाएं सिकुड़ने लगती हैं। नतीजतन ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। विभिन्न अध्ययनों से निष्कर्ष निकला है कि सर्दियों में हृदय संबंधी बीमारियों से मौतें सबसे ज्यादा होती हैं। इसलिए उन लोगों को, जो हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित हों, सर्दी के मौसम में भी नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए और खान-पान पर भी ध्यान दें। इन दिनों स्वस्थ रहने के लिए शरीर को कुछ-कुछ घंटों में गर्म पेय से खुद को हाइड्रेट करते रहना चाहिए। खाने में तेल, मसाला और नमक का कम इस्तेमाल करना चाहिए।

**अस्थमा की समस्या:** सर्दी के मौसम में अस्थमा की समस्या भी काफी खतरनाक हो जाती है। इस मौसम में ठंड और प्रदूषण का मेल बेहद घातक हो जाता है। ठंड के मौसम में जब प्रदूषण बढ़ जाता है तो सांस लेने में आम लोगों को भी कठिनाई होती है। ऐसे में जो अस्थमा और सांस की समस्या से पीड़ित हैं, उनके लिए तो यह मुश्किल ज्यादा ही होती है। यह समस्या तब और गंभीर हो जाती है, जब अस्थमा का अटैक या क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सर्दियों में विशेष रूप से जिन्हें अस्थमा की समस्या है, उन्हें इन्हेलर का उपयोग करते रहना चाहिए। साथ ही ठंडे और प्रदूषित वातावरण से भी बचना चाहिए।

**स्वस्थ रहने के उपाय:** सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार लें, मौसमी फल जैसे अमरूद, संतरा और पपीता का सेवन करें। गाजर, मूली, पालक जैसी हरी सब्जियों का नियमित सेवन करें। साथ ही सूखे मेवे और ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ लें। नियमित रूप से व्यायाम करें। हर मौसम में जितना पानी पीते हैं, इस मौसम में भी उतना पानी पीएं। नियमित रूप से 7 से 8 घंटे नींद लें और सुबह के समय कम से कम 20 से 25 मिनट सूरज की रोशनी में रहें। *



## खबर संक्षेप

### पावर ग्रिड को बांड से 4250 करोड़ जुटाने की मंजूरी




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने निजी नियोजन के आधार पर बांड जारी कर 4,250 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पावर ग्रिड ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि यह प्रस्ताव कंपनी की बांड संबंधी निदेशकों की समिति की बैठक में पेश किया गया।

### ईरान की मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर



**तेहरान।** ईरान की मुद्रा रियाल बुधवार को अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई। नवंबर में अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद से रियाल के मूल्य में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। मुद्रा में इस गिरावट ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों में उलझे ईरान के लिए नई चुनौतियां पैदा कर दी हैं।

## स्वदेशी जागरण मंच ने कहा, इससे उत्पादों की तस्करी बढ़ेगी

# अहितकर वस्तुओं पर 35 प्रतिशत जीएसटी का प्रस्ताव 'बुरा विचार' : एसजेएम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वदेशी जागरण मंच (एसजेएम) ने शीतल पेय (ऐरेटिड बेवरेजेज), सिगरेट तथा तंबाकू जैसे अहितकर उत्पादों पर 35 प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगाने के प्रस्ताव को ''बुरा विचार'' करार दिया है। एसजेएम ने कहा कि इससे इन उत्पादों की तस्करी बढ़ेगी और देश को राजस्व का नुकसान होगा।

इसके अलावा, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरकों के महासंघ (एआईसीपीडीएफ) और इंडियन सेलर्स कलेक्टिव (देश भर के व्यापार संघों तथा विक्रेताओं का प्रमुख निकाय) जैसे अन्य निकायों ने भी जीएसटी दर युक्तिकरण पर मंत्रिसमूह की सिफारिशों को लेकर चिंता जताई है।

### 35 फीसदी की विशेष दर लगाने की सिफारिश

इस महीने की शुरुआत में मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने 'ऐरेटिड' पेय पदार्थ, सिगरेट, तंबाकू जैसे अहितकर उत्पादों पर 35 प्रतिशत की विशेष दर से कर लगाने की सिफारिश की थी। बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता वाले मंत्री समूह ने परिधानों पर कर दरों को तर्कसंगत बनाने का भी सुझाव दिया।




- देश के राजस्व को भी काफी नुकसान हो सकता है
- मंत्रिसमूह की सिफारिशों को लेकर चिंता जताई
- प्रस्ताव में शीतल पेय, सिगरेट व तंबाकू पर 35 फीसदी जीएसटी प्रस्तावित

*सिगरेट के कालाबाजार का लाभार्थी चीन है : महाजन ने कहा, '' तस्करी की गई सिगरेट के इस काले बाजार का सबसे बड़ा लाभार्थी चीन है। यह वैध सिगरेट की बिक्री की तुलना में कहीं अधिक हानिकारक होगा। इस तरह के उच्च कराधान के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव के बारे में भी चिंताएं व्यक्त की गईं।*

*सिगरेट पर ऊंचे कर से काला बाजार पैदा : महाजन ने तंबाकू के खिलाफ लड़ाई की बात दोहराई लेकिन कहा कि यह मुद्दा इतना सरल नहीं है और इसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि सिगरेट पर ऊंचे कर से एक बहुत बड़ा 'काला बाजार' पैदा हो गया है।*

### उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा

अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्पाद वितरकों के महासंघ और इंडियन सेलर्स कलेक्टिव ने भी इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि इससे छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान होगा, उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा तथा कालाबाजारी को बढ़ावा मिलेगा।

### जीएसटी में एक और स्लैब होगी तैयार

एसजेएम के राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने कहा, '' विलासिता और अहितकर वस्तुओं के नाम पर जीएसटी में एक और 'स्लैब' (दर) मुख्य तौर पर एक बुरा विचार है। यह कराधान के दक्षता सिद्धांत के खिलाफ है। अर्थशास्त्रियों के बीच पहले से ही यह जरूरत महसूस की जा रही है कि 'स्लैब' की वर्तमान संख्या को कम किया जाना चाहिए और उच्चतम 28 प्रतिशत 'स्लैब' को समाप्त किया जाना चाहिए।''

### मंजूरी मिलने से जीएसटी और जटिल होगा

यदि आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में इस उच्च दर को मंजूरी दे दी जाती है, तो इससे जीएसटी और भी जटिल जाएगा तथा तस्करी को बढ़ावा मिलेगा। राजस्थान के जैसलमेर में 21 दिसंबर, 2024 को होने वाली जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में स्वास्थ्य समेत बीमा पर जीएसटी छूट के साथ इसपर भी विचार हो सकता है।

# पोको ने पेश किया सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कंपनी ने 7999 रुपए की कीमत पर पोको सी75 5जी किया पेश
- देश का सबसे सस्ता स्मार्टफोन किया पेश

स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी पोको इंडिया ने मंगलवार को 7,999 रुपये की कीमत वाला 5जी स्मार्टफोन 'पोको सी75 5जी' पेश किया। कंपनी का दावा है कि यह देश का सबसे सस्ता स्मार्टफोन है।

इस दौरान पोको इंडिया के प्रमुख हिमांशु टंडन ने कहा कि देश में सभी के लिए सुलभ प्रौद्योगिकी पेश करना ही कंपनी का लक्ष्य है। टंडन ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''पोको में हमारा लक्ष्य हमेशा ऐसी प्रौद्योगिकी पेश करना रहा है, जो सभी के लिए सुलभ और उपयोगी हो। कंपनी ने दो स्मार्टफोन पेश किए हैं, जिनमें एम7 प्रो 5जी स्मार्टफोन में इस खंड का सबसे चमकदार एएमओएलईडी डिस्प्ले, बेहतर ऑडियो (सुनने की) गुणवत्ता है। वहीं, पोको सी75 5जी भारत का सबसे सस्ता 5जी स्मार्टफोन है, जिसमें खासतौर पर सोनी का कैमरा सेंसर लगा है। टंडन ने कहा, ''इन नए स्मार्टफोन के साथ पोको अपना वादा दोहराती है कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन प्रौद्योगिकी और खूबियों को किफायती कीमत पर उपलब्ध कराते रहेंगे।'' कंपनी ने बयान में कहा कि एम7 प्रो 5जी में 5110 एमएएच, तो सी75 5जी में 5160 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी दी गई हैं। पोको एम7 प्रो 5जी तीन रंगों – लूनर डस्ट, लैवेंडर फ्रोस्ट और ओलिव ट्विलाइट में पेश किया गया है। पोको सी75 5जी भी तीन रंगों- एनचांटेड ग्रीन, एक्वा ब्लू और सिल्वर स्टारडस्ट में है।

कंपनी ने बताया कि दोनों स्मार्टफोन ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगे।

### आज से बिक्री होगी शुरू

पोको सी75 5जी की बिक्री 19 दिसंबर से तो पोको एम7 प्रो 5जी की बिक्री 20 दिसंबर से शुरू होगी। पोको एम7 प्रो 5जी का शुरुआती मूल्य 13,999 रुपये तो पोको सी75 5जी की कीमत 7,999 रुपये है।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर ने कैंसर सर्वाइवर्स के साथ मनाया मीट स्माइल 2024



- 90 प्लस बोन मेरो ट्रांसप्लांट किए पूरे

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने अपनी वार्षिक सर्वाइवर्स मीट स्माइल 2024 का आयोजन किया। जिसमें 70 से अधिक कैंसर सर्वाइवर्स और उनके परिवारों ने भाग लिया। यह आयोजन बाल कैंसर रोगियों के साहस को सम्मानित करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना (एमबीएसएसवाई) के तहत कैंसर जैसी दुर्लभ बीमारियों के लिए 20 लाख रुपए तक की सहायता का उल्लेख किया। कार्यक्रम में बच्चों और उनके परिवारों के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें मैजिक शो, कार्टून-थीम वाली पार्टी और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री द्वारा केक काटने और उपहार वितरण ने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने बताया कि बीएमसी में कैंसर देखभाल को वित्तीय बाधाओं से मुक्त रखने के लिए मुफ्त परिवहन, आवास और पोषण सहायता की व्यवस्था की जाती है। वहीं, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने इस वर्ष शुरू किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान की जानकारी दी। बीएमटी विशेषज्ञ डॉ. दिव्येंदु डे ने बताया कि 2022 से अब तक बीएमसी ने 90 से अधिक सफल बोन मेरो ट्रांसप्लांट किए हैं, जिनमें से 85% प्रक्रियाएँ एमबीएसएसवाई के तहत समर्थित हैं।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने रायपुर में किया सीयूसीईटी 2025 को लांच

- आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मिलेगी आर्थिक सहायता



**रायपुर।** भारत की नंबर-1 प्राइवेट यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सीयूसीईटी 2025 (चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) का शुभारंभ किया। यह प्रवेश परीक्षा छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो आर्थिक रूप से वंचित हैं। सीयूसीईटी 2025 के माध्यम से मेधावी छात्र चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के मोहाली और लखनऊ कैंपस में 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार, प्रोफेसर (डॉ) आर एस बावा ने दी। प्रोफेसर बावा ने कहा कि सीयूसीईटी 2025 के तहत छात्र रायपुर के क्षेत्रीय कार्यालय में साइकोमेट्रिक टेस्ट भी दे सकते हैं और परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी हर साल 210 करोड़ रुपए का बजट छात्रवृत्तियों के लिए आवंटित करती है, जिसमें मोहाली कैंपस के लिए 170 करोड़ और लखनऊ कैंपस के लिए 40 करोड़ रुपए का बजट शामिल है। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के शानदार अकादमिक प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए प्रोफेसर बावा ने कहा कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने विश्व के शीर्ष संस्थानों में अपनी जगह बनाई है। इसके आठ प्रमुख पाठ्यक्रमों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इसके अलावा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 में भारत के शीर्ष 20 विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ के छात्रों के लिए नौकरी के अवसरों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के 434 छात्रों में से 98 छात्रों को प्रमुख कंपनियों से नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। इसके अलावा यूनिवर्सिटी के छात्रों को पिछले साल 1.74 करोड़ रुपये का उच्चतम वेतन पैकेज प्राप्त हुआ था।

### सोने में 200 रुपए की गिरावट, चांदी 500 रुपए तेज

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 79,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी 500 रुपये बढ़कर 92,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मंगलवार को यह 91,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। पिछले तीन सत्रों में चांदी 5,500 रुपये प्रति किलोग्राम टूट चुकी है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद भाव से 200 रुपये की गिरावट के साथ 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। सोना रक्षात्मक रुख अपनाए हुए है, क्योंकि बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व (फेड) की बैठक के नतीजों का इंतजार कर रहा है, जो सर्राफा कीमतों के लिए आगे दिशा दिखा सकता है। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष और जिंस और मुद्रा के शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''आज रात फेडरल रिजर्व की नीति घोषणा का इंतजार कर रहे बाजार प्रतिभागियों के कारण सोना एक सीमा के भीतर कारोबार कर रहा है।

### विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में गिरावट

**मुंबई।** विदेशी कोषों की निकासी के बीच उपयोगिता, पूंजीगत उत्पाद और धातु शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 500 से अधिक अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 24,200 अंक के स्तर से नीचे आ गया। कारोबारियों ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व का फैसला आने के पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे कारोबारी धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 502.25 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 80,182.20 अंक पर बंद हुआ। का रोबार के दौरान एक समय यह 634.38 अंक लुढ़ककर 80,050.07 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 137.15 अंक यानी 0.56 प्रतिशत गिरकर 24,198.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''ऊंचे स्तर पर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से बाजार की अल्पावधि संरचना कमजोर हो गई है। एफआईआई की भारी बिकवाली से संकेत मिलता है कि बाजार में उछाल आने पर और अधिक बिकवाली होगी।''

### विशाल मेगा और मोबिक्विक में पैसा लगाने वालों की बल्ले-बल्ले

**नई दिल्ली।** सुपरमार्केट चेन विशाल मेगा मार्टऔर मोबिक्विक के शेयरों ने बाजार में शानदार एंट्री की है। विशाल मेगा मार्ट का शेयर बीएसई पर 110 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ, जबकि आईपीओ का अपर प्राइस बैंड 78 रुपए था।

इस तरह विशाल मेगा मार्ट आईपीओ में पैसा लगाने वाले निवेशकों को 41 फीसदी लिस्टिंग गेन मिला है। वहीं, मोबिक्विक के शेयर आईपीओ प्राइस 279 के मुकाबले 442.25 रुपए पर लिस्ट हुए हैं और निवेशकों को 58 फीसदी का लिस्टिंग गेन दिया है। विशाल मेगा मार्ट शेयर में लिस्टिंग के बाद शेयर में थोड़ी गिरावट आई और सुबह 10:20 बजे यह बीएसई पर 105.94 रुपए पर कारोबार करता रहा।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

अर्जेन्ट आवश्यकता है - रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-6437)

आवश्यकता है- सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं- स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019. (RO-3160)

**वेल्डर**

आवश्यकता है- सपना ट्राली में कार्य करने हेतु वेल्डर की आवश्यकता है। पद-2, पता-भाठागांव चौक के पास रिंग रोड नं.-1 रायपुर (छ.ग.) संपर्क करें- 94252-08090. (RO-2455)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ड्राइवर-2, ऑटोमेटिक लग्जरी कारों हेतु सिनियर जो घर आफिस कार्य भी कर सके मेहनती हो साथ ही परिवार के लिए घरेलू खाना बनाने या घर कार्य भी आदतन शराबी न हो वेतन 15000 +चौकीदार, प्यून, गार्ड सिनियर अनुभवी मेहनती हो रूम उपलब्ध है वेतन 9/10/12+ मिलें- हीरापुर, रायपुर 6266919193, /95.(RO-3171)

आवश्यकता है- रायपुर में ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने हेतु कुशल एवं 5 वर्ष के अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस की छायाप्रति भेजे संपर्क:- 7879304752. (RO-515)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

Wanted- Urgent Hiring: Learning Spiral is hiring Graduate freshers for the position of Computer Operator for our AI domain. Salary: Rs 7000 per month. Job Location: Telibandha, Mahaveer Nagar, Raipur. -- Basic computer knowledge is a must. Send your resume to us at hr@learningspiral.co.in or contact us at 7024119534. (RO-112)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533. (RO-440)

**सफाई कार्य**

आवश्यकता है- साफ-सफाई व ऑफिस कार्य के लिए लड़के की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन के साथ। संपर्क करें:- आकाश गंगा सुपेला, भिलाई। मो.- 98278-06026, 70001-38049.(आरो न.-7153)

**गोडाऊन कार्य**

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है । सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 07714092158. (RO-390)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- इटली रवा के विक्रय हेतु अनुभवी सेल्स गर्ल एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। जो रायपुर शहर में जाकर माल विक्रय कर सके। संपर्क करे- मो. न. 9300905560. (RO-509)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित व अनुभवी नर्सिंग स्टाफ- बी.एस.सी. नर्सिंग व जी.एन.एम. ओडी (OT) टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्निशियन, वार्ड बॉय, वार्ड गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यताअनुसार। संपर्क करें। श्री कृष्णा हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ. - 9691631006, 9617952445, 9926115911.(RO-6449)

**अन्य**

आवश्यकता है- सीनियर सेल्स मैनेजर- 4 (ऑटोमोबाइल अनुभवी) सेल्स एक्जीक्यूटिव- 6, डिजिटल मार्केटिंग- 2, ग्राफिक डिजाइनर- 2, टेलीकालर एक्सपर्ट- 4, EV मैकेनिक, इंजीनियर- 6, ITI पास (वेल्डर, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल) एक्सपर्ट- 6, चौकीदार /प्यून /गार्ड /हेल्पर /लेबर- 4, बायोडाटा भेजे संपर्क:- रिलेक्टो EV, सोनडोंगरी, रिंगरोड- 2, हीरापुर- आयशर शोरूम के आगे, रायपुर w/a 6266919195 /200.(RO-3170)

**ड्रायवर/हेल्पर/गार्ड**

आवश्यकता है- ड्राइवर + हेल्पर + पैकिंग लड़के, सेल्समैन, सेल्सगर्ल, कंप्यूटर ऑपरेटर, एकाउंटेंट एवं सिक्योरिटी गार्ड की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार मो.- 74897-70673, 98261-83500.(RO-522)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होयिजरी डिपो जय हिंद होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मोबाइल 9300188811.(RO-1022)




**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537.(RO-751)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 7866031540. (RO-599)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.(RO-816)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**For Rent किराया**

किराये से देना है- RDA कॉलोनी (उमंग कॉलोनी) टिकरापारा रायपुर में 3BHK मकान किराए पर देना है। एक कमरा छात्राओं को देना है। छत्तीसगढ़िया ही संपर्क करे। मोबाइल 9340895480, 9009539935.(RO-M)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 5000000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9416458298.(RO-3269)

फाइनेंस - दुर्गा फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं एवं दुकानदार हेतु विशेष छूट संपर्क:- 9455768860. (RO-3164)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Healthcare
सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स
इन रोगों का स्थाई इलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा में है ही नहीं। यह बीमारी शरीर के जीवन चक्र को ही खराब कर देता है अतः इसे किसी तरह दबाने की गलती भूल कर भी न करें।
• सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग शरीर मे तांबे रंग के छिलके, पपड़ी युक्त दाग, सर में रुसी का भ्रम, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा पन, घुटने में काट दर्द एवं शरीर अपंग होकर बदबू जैसे आने लगते हैं, सावधान।
• एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर, जेंटेलियस एवं हर्पिस, सिम्पलेक्स) स्त्री पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, छाले, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन, दर्द, योनि मार्ग से बदबू, सफेद पीले पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी हो सकता है। कइयों को हो चुका है, यह न्यूरोट्रोपिक वायरस है जो शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा कर देता है एवं हेपटायटिस, सिफलिस, गोनोरिया (मूत्र मार्ग से पस जाते) हो तो तुरंत खून की जांच करायें, यहाँ जांच की पूर्ण व्यवस्था है। यदि खून का रिपोर्ट पॉजिटिव हुआ तो रोने पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि अन्य चिकित्सा में इसका उपाय है ही नहीं।
• समस्त यौन रोग एवं यौन (सेक्स) कमजोरी, शीघ्रपतन, प्रोस्टेट विकार, यूरेथ्रास्ट्रक्चर बूंद बूंद पेशाब आना इत्यादि।
• बहुचर्चित विख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल के 42 वर्षों के चिकित्सा अनुभव का लाभ बहुतों ने उठाया है आप भी ले सकते हैं। हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग से प्रगतिशील एवं अग्रसर हैं। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके हैं। जब सब उपाय असफल हो गए हो तो अवश्य ही मिलें। आने के पूर्व फोन करें।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223,
निशांत अग्रवाल, फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग। 9303242200, 7987365434
समय शाम 4.00-7.30 बजे तक
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

# इलाज के लिए अस्पताल आई आदिवासी युवती से रेप, आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

## बुखार का उपचार कराने पहुंची पीड़िता को बीमारी का डर दिखाकर किया अनाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोड़ेनार थाना क्षेत्र के डिलमिली में निजी क्लिनिक चलाने वाले डॉक्टर पर आदिवासी युवती ने क्लिनिक में जबरन शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगाए हैं।

पीड़िता की रिपोर्ट पर कोड़ेनार पुलिस ने डॉक्टर पर बीएनएस की धारा 64 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि डिलमिली में निजी क्लिनिक चलाने वाले डॉक्टर श्रीनिवास राव (50) के क्लिनिक में एक युवती रिश्तेदारों के साथ बुखार का इलाज कराने आई थी। डॉक्टर ने इलाज के नाम पर युवती से क्लिनिक पर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद युवती क्लिनिक से घर आ गई और किसी को कुछ नहीं बताया। इसके बाद पुनः डाक्टर ने उसे क्लिनिक में बुलाया और जबरन शारीरिक संबंध बनाया। सर्व आदिवासी समाज के महिला प्रभाग की अध्यक्ष रुक्मिणी कर्मा ने आरोप लगाए है कि जिस डॉक्टर ने दुष्कर्म किया है। उसे बचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में सभी समाज प्रमुखों की बैठक बुधवार को होगी।


आरोपी डाक्टर

### क्लिनिक में किया रेप

कोड़ेनार थाना प्रभारी मोहम्मद तारिक हरीश ने बताया कि बिमारी से परेशान पीड़िता को डॉक्टर द्वारा कॉल करके लगातार परेशान किया जा रहा था। आरोपी डाक्टर द्वारा क्लीनिक में बुलाकर पीड़िता का रेप किया गया था। जिसके बाद उसने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों के साथ थाना पहुंचकर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# रास्ते से उठाई सूखी लकड़ी और 4200 रुपए में ऑनलाइन बेच दी

**बताए इतने फायदे, खरीदने को मजबूर हो गए लोग!**

एजेंसी ▶▶| मास्को

एक ज़माना था, जब लोग अपने ज़रूरत की चीज़ें खरीदने के लिए खुद दुकान पर चलकर जाते थे। आज चीज़ें बिल्कुल अलग हो चुकी हैं, अब ऑप्शन इतने ज्यादा हैं कि आपके घर तक चीज़ें बेचने के लिए लोग आ जाते हैं। चाहे वे खुद चलकर आएं या फिर ऑनलाइन आकर आपकी आंखों के सामने पहुंच जाएं। यही वजह है कि लोग वो चीज़ें भी खरीद लेते हैं, जिनकी उन्हें ज़रूरत भी नहीं होती।

दुनिया मार्केटिंग की है, ऐसे में जो दिखता है वही बिकता है। कुछ लोग इतने स्मार्ट होते हैं कि उन चीज़ों को भी बेच लेते हैं, जो बिकने वाली होती भी नहीं हैं। ऐसे ही एक आदमी ने सड़क किनारे से सूखी लकड़ी उठाई और उसे ऑनलाइन बेच दिया। ये पूरी कहानी इतनी दिलचस्प है कि आप हंस पड़ेंगे, लेकिन ये बिल्कुल सच है।

### सूखी लकड़ी ऑनलाइन बेचने का बिजनेस

ऑडिटी सेंट्रल की रिपोर्ट के मुताबिक रूस के रहने वाले एक शख्स ने गजब का बिजनेस शुरू किया है। उसने ऑनलाइन सूखी और आड़ी-तिरछी लकड़ियां बेचनी शुरू की है और इसे वो इस तरह ब्रांड कर रहा है मानो ये कितनी बड़ी और ज़रूरी चीज़ हो। रूसी मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक शख्स आड़ी-तिरछी लकड़ियों को स्नोमैन आर्म्स कहकर बेच रहा है। इनकी कीमत वो जोड़ों के हिसाब से लगा रहा है, जिसे आप खुद चुन सकते हैं। अलग-अलग लकड़ियों के जोड़ों को शख्स 500 रूबल्स यानी 400 रुपए से लेकर 5300 रूबल्स यानी 4200 रुपए तक में बेच रहा है।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com